RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 89 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

▶ आज राज्यों के चुनाव आयोग कार्यालयों तक निकाले जाएंगे विरोध मार्च

## सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

### एसआईआर विवाद ने फिर पकड़ा तूल, कांग्रेस पार्टी ने देश के सभी विपक्षी दलों से किया संपर्क, संसद के दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस पेश करेंगे

● नई दिल्ली




एसआईआर विवाद के बीच कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ गुरुवार को महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क किया है। पार्टी के अनुसार, विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों में सीईईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस पेश करेंगे।

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों से बात की है। इसे अगले दो हफ्तों के भीतर पेश किया जाएगा। इसके अलावा, कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे 25 सितंबर को अपने-अपने राज्य के चुनाव आयोग कार्यालयों तक विरोध मार्च निकालें और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी और उन्हें पद से हटाने की मांग करें। यह कदम मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच उठाया गया है। इस विवाद की शुरुआत एक मीडिया रिपोर्ट से हुई थी, जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच मतभेदों का जिक्र किया गया था।

### सीजेपी ने मांगा इस्तीफा, दी देशभर में आंदोलन की धमकी

**कॉकरोच** जनता पार्टी (सीजेपी) ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे में इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने कहा कि अगर उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा और इसके बाद दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- ज्ञानेश कुमार इस देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। उन्होंने एसआईआर के जरिए देश में 13 करोड़ से ज्यादा वोट डिलीट किए। लोगों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है। दीपके ने कहा- लोकतंत्र का मतलब है कि जनता अपनी सरकार चुने। लेकिन जब से ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बने हैं, तब से सरकार यह तय कर रही है कि कौन वोट करेगा और कौन नहीं। दरअसल, एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर को लेकर पिछले 10 महीनों में आयोग के फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया।

### सभी चुनाव में धांधली हुई, पारित किया गया हर कानून अवैध है

**राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केंद्र पर साधा निशाना**

**राहुल** गांधी ने चुनाव आयोग और केंद्र पर साधा निशानाकांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग से जुड़े एसआईआर विवाद पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे पर हमला हो रहा है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट चोरी की गई। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में हर सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर होती है। बांग्लादेश युद्ध जीतने के बाद इंदिरा गांधी जैसी दिग्गज नेता भी चुनाव हार गई थीं, फिर बीजेपी के खिलाफ यह एंटी-इनकंबेंसी काम क्यों नहीं करती? उन्होंने आरोप लगाया कि जब वोट चुराकर सांसद संसद में पहुंचते हैं, तो उनके द्वारा बनाए गए सभी कानून गैरकानूनी हो जाते हैं। यह केवल वोटों पर हमला नहीं, बल्कि नागरिकों के नेता चुनने के बुनियादी अधिकार पर हमला है। राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को पीएम मोदी और अमित शाह ने चुना था। अब आयोग के ही दो चुनाव आयुक्त कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोटिंग सिस्टम को नुकसान पहुंचाने के जिम्मेदार हैं। दो चुनाव आयुक्त कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोटिंग सिस्टम में डैमेज के जिम्मेदार हैं। वोट चोरी से कानून चोरी होती है।

## पीएम ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में सेवा भाव को किया चरितार्थ

### मुख्यमंत्री ने पुंजापुरा में किया सेवा संकल्प बाइक राइडर्स का स्वागत
### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 212 करोड़ किए ट्रांसफर

● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र धर्म की भावना के साथ काम किया है। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की शुरुआत हुई और आज वे देश के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के हर व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास उनकी कार्यशैली में स्पष्ट दिखाई देता है। प्रधानमंत्री ने देश को भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर की सौगात दी। इसके साथ ही हर गरीब को घर, पर्याप्त भोजन और बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत वडनगर से वाराणसी जा रही युवाओं की बाइक यात्रा का देवास जिले के पुंजापुरा में स्वागत करते हुए यह बात कही। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रदेश के 35 लाख 42 हजार हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से 212 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने करणावत पुलिस सहायता केंद्र को पुलिस थाना बनाने, पुलिस जवानों के लिए आवास निर्माण करने और शासकीय गोदाम के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में सेवा संकल्प बाइक यात्रा में बाइक राइड भी की। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की। हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने बाइक राइडर्स के साथ पौधरोपण भी किया।

### बाइक राइडर दीपेश गोटी ने पीएम से साझा किए यात्रा के अनुभव


**प्रधानमंत्री** ने वडनगर से वाराणसी के लिए निकाली गई सेवा संकल्प बाइक यात्रा में शामिल राइडर्स से अलग-अलग स्थानों से वर्चुअली संवाद किया। देवास जिले के पुंजापुरा में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बाइक राइडर्स दल के सेवा यात्री दीपेश गोटी ने प्रधानमंत्री से संवाद में अब तक की अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए। दीपेश गोटी ने बताया कि उन्होंने अपने व्यापार-व्यवसाय की दृष्टि से कुछ स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर लिए हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है। अब मप्र का भी मिजाज बदल रहा है। मप्र के युवा भी जहां जा रहे है, वहां व्यापार के अवसर खोज रहे हैं, उनमें उद्यमशीलता भरी है। मध्यप्रदेश के युवाओं ने सेवा संकल्प यात्रा में माय प्रामिस टू मोदी जी का नवाचार किया है, जिसमें 25 सेवा कार्य लिस्ट किए हैं और हर सेवा यात्री को किसी एक सेवा का संकल्प दिलाया जा रहा है।

## चंद्रशेखर बने मप्र के संगठन महामंत्री जामवाल को मिला महाराष्ट्र का जिम्मा

### भाजपा ने डेढ़ दर्जन राज्यों में संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति की, एमपी में 236 दिनों से खाली था संगठन का अहम पद

● भोपाल


चंद्र शेखर


अजय जामवाल


शिव प्रकाश

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरूवार को कई प्रदेशों में संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति की है तो राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री के कामों में भी बदलाव किया है।

मप्र का प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर को बनाया गया है। आज जारी सूची में करीब डेढ़ दर्जन प्रदेशों में प्रदेश संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति की गई है तो अगले साल यूपी में होने वाले चुनावों को देखते हुए वहां दो संगठकों की भी नियुक्ति की गई है। मप्र भाजपा को करीब आठ महीने बाद पूर्णकालिक प्रदेश महामंत्री मिल गया है। भाजपा के केंद्रीय संगठन की ओर से जारी नियुक्तियों में चंद्रशेखर को मप्र का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। उनका केंद्र भोपाल रहेगा। चंद्रशेखर अब प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ मिलकर प्रदेश संगठन की कमान संभालेंगे। वहीं, अब तक मप्र और छत्तीसगढ़ में पार्टी का काम देख रहे अजय जामवाल को महाराष्ट्र का प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### चंद्रशेखर ने राजस्थान में करीब छह साल संभाला संगठन

**चंद्रशेखर** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। वे संघ के प्रचारक रहे हैं। मूल रूप से उत्तरप्रदेश के बांदा के रहने वाले चंद्रशेखर ने संघ में काशी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तरप्रदेश में संगठन का काम किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी में भी उन्होंने संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाली थी। सितंबर 2017 में उन्हें राजस्थान भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) बनाया गया। करीब छह साल तक उन्होंने राजस्थान में संगठन का काम संभाला। 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें जनवरी 2024 में तेलंगाना की जिम्मेदारी दी गई। वहां भी उन्होंने संगठन को संभाला।

**ओबीसी क्रीमी लेयर**

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा 2 साल का समय

### सरकार ने कोर्ट से कहा, 6 महीने में इसे लागू करना संभव नहीं

● नई दिल्ली / आरएनएन



ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने के सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के फैसले को लागू करने के मामले में केंद्र सरकार ने दो साल का समय मांगा है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने केंद्र सरकार ने कहा कि मार्च में दिए गए आदेश को छह महीने के भीतर लागू करना संभव नहीं है।

सरकार ने अदालत से इस मामले में अपने पक्ष और आपत्तियों को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि क्रीमी लेयर का दर्जा तय करने और नई नीति बनाने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत है। सरकार के मुताबिक, इस नीति को इस तरह तैयार करना होगा कि ओबीसी उम्मीदवारों के साथ किसी तरह का भेदभाव न हो और नियमों को लागू करने में व्यावहारिक दिक्कतें न आएं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर मार्च के आदेश को पिछली तारीख से लागू किया जाता है तो इसका असर पहले से नौकरी कर रहे उम्मीदवारों पर पड़ेगा। (शेष पेज 8 पर)

## संविलियन से पूर्व की सेवा को जोड़कर दिए जाएं वेतन व लाभ

### हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में आदेश पालन के दिए निर्देश

● जबलपुर

**70 हजार शिक्षकों को सेवा लाभ मिलने का रास्ता साफ, होगा 15 से 20 हजार का फायदा**

स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किया गये पंचायत विभाग के शिक्षकों को उनकी नियुक्ति तिथि से वेतन सहित अन्य लाभ दिये जाने के संबंध में पारित आदेश का परिपालन करने हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह का समय प्रदान किया है।

हाईकोर्ट जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किये। याचिका पर अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को निर्धारित की गयी है। हाईकोर्ट के इस आदेश से शिक्षकों को वेतन में 15 से 20 हजार तक के फायदे की उम्मीद लगाई जा रही है।

याचिकाकर्ता राजेश कुमार पांडेय सहित अन्य की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि उनकी नियुक्ति पंचायत विभाग के अंतर्गत हुई थी। साल 2006 में उनका संविलियन अध्यापक वर्ग में किया गया था। इसके बाद साल 2018 में पंचायत विभाग के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों को संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में किया गया था। सरकार के द्वारा उन्हें साल 2016 से छठवें वेतनमान का लाभ देने के संबंध में सर्कुलर जारी किया गया था। सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए जबलपुर की मुख्य पीठ तथा इंदौर पीठ के द्वारा उनके पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किए गये थे।

### वेतन और एरियर पर भी पड़ेगा फैसले का असर

**शिक्षक** संगठनों के अनुसार सेवा अवधि जुडने से कई शिक्षकों के वेतन में करीब 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह तक का अंतर आ सकता है। साथ ही छठे वेतनमान से जुड़े करीब 10 वर्ष के एरियर का लाभ भी मिल सकता है। हालांकि वास्तविक राशि प्रत्येक शिक्षक की नियुक्ति तिथि और सेवा अभिलेख के आधार पर तय होगी।

**» एशियन गेम्स**


## भारत को मिक्स्ड रिले में सिल्वर

**नई दिल्ली, आरएनएन।** एशियन गेम्स में भारत ने एथलेटिक्स के चार गुणा चार सौ मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर मेडल जीता। मनु टीएस, पूवम्मा एमआर, विशाल टीके और वित्या रामराज की टीम ने 3:14.46 सेकेंड में रेस पूरी की। इससे पहले सीमा कुमारी ने विमेंस 10 हजार मीटर में 32:50.05 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता।

### पांचवें दिन भारत को मिले पांच मेडल

यह इस इवेंट में भारत का 2010 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल है। पांचवें दिन भारत ने 5 मेडल जीते। इनमें 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के कुल मेडल 17 हो गए हैं। इनमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज हैं। चीन 127 मेडल के साथ टॉप पर है। अनंतजीत सिंह नारूका और परिनाज धालीवाल ने मिक्स्ड स्कीट में ब्रॉन्ज जीता। दोनों 48 शॉट के बाद 44 अंक पर थे और टाई-ब्रेकर के बाद ब्रॉन्ज मिला।

## नहीं रहे एक्टर मुश्ताक खान



**मुम्बई, आरएनएन।** मशहूर एक्टर मुश्ताक खान का 75 की उम्र में निधन हो गया है। वेलकम, गदर, आशिकी, मुझसे शादी करोगी और हम हैं राही प्यार के जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से दर्शकों के दिल में जगह बनाने वाले मुश्ताक खान ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

बताया जा रहा है कि मुश्ताक खान पिछले करीब 15 दिनों से मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती थे। वह कैंसर से जूझ रहे थे। उन्हें करीब पांच साल पहले कैंसर का पता चला था, लेकिन हाल ही में बीमारी दोबारा लौट आई थी। इसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। मुश्ताक खान के बिजनेस पार्टनर शिवम ने उनके निधन की पुष्टि की है।

**प्रतिबंध** जिस भी फूड आइटम में तय सीमा से ज्यादा फैट, नमक या शुगर पाई जाएगी, उसकी बिक्री पर बैन

## देशभर में स्कूलों के बाहर अब नहीं मिलेंगे चिप्स-कोल्ड ड्रिंक

● नई दिल्ली



देशभर में बच्चों के भीतर तेजी से बढ़ रहे मोटापे और अनहेल्दी खाने-पीने की आदतों पर लगाम कसने के लिए भारत सरकार एक बड़ा और कड़ा कदम उठाने जा रही है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) देश के 15 लाख से ज्यादा स्कूलों के 50 मीटर के दायरे में फैट, नमक और चीनी की ज्यादा मात्रा वाले खाने के आइटम की बिक्री और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है।

इससे जुड़े नियम और कानूनों को अंतिम रूप दिया जाने वाला है। इस नए नियम का सीधा असर स्कूलों के आसपास चलने वाली छोटी किराना दुकानों, रेस्टोरेंट, ठेले-खोमचे वालों से लेकर पेप्सिको, कोका-कोला, नेस्ले और मोंडेलेज जैसी दिग्गज मल्टी नेशनल कंपनियों के कारोबार पर पड़ेगा। प्रस्तावित नियमों के तहत, जिस भी फूड आइटम में तय सीमा से ज्यादा फैट, नमक या शुगर पाई जाएगी, उसकी बिक्री 50 मीटर के दायरे में बैन रहेगी। इसमें फास्ट फूड और जंक फूड जैसे- पिज्जा, बर्गर, नूडल्स और समोसे-कचौड़ी। पैक्ड स्नैक्स जैसे- नमकीन, पोटैटो चिप्स (जैसे अंकल चिप्स, लेज)। और सॉफ्ट ड्रिंक्स और कैंडीज जैसे- कोला, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, चॉकलेट और ज्यादा चीनी वाली मिठाइयों को शामिल किया जाएगा।

### भारत में बच्चों में मोटापे का खौफनाक आंकड़ा

**वर्ल्ड** ओबेसिटी फेडरेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में भारत में 5 से 19 साल की उम्र के करीब 2.8 करोड़ बच्चे ओवरवेट या मोटापे के शिकार थे। फिर 2025-26 में यह आंकड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़कर 4.1 करोड़ के पार पहुंच गया। आने वाले सालों में अगर यही रफ्तार रही, तो 2040 तक देश में मोटापे से ग्रस्त बच्चों की संख्या 5.6 करोड़ हो जाएगी। टिफिन में घर का दाल-चावल ले जाने के बजाय रास्ते में मिलने वाले 10 रुपए के चिप्स या 49 रुपए वाले सस्ते पिज्जा की तरफ बच्चों का बढ़ता रुझान इस स्वास्थ्य संकट की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है।

### पूरे देश में नॉन-डेयरी 'एनालॉग' पनीर को बैन करने की तैयारी

**देश** की सर्वोच्च खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पनीर के नाम पर बेचे जा रहे एनालॉग उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए अपने नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। एनालॉग उत्पाद ऐसे गैर-डेयरी उत्पाद होते हैं, जिनमें दूध के प्रमुख घटकों- जैसे मिल्क फैट और मिल्क प्रोटीन की जगह वनस्पति तेल, वसा या वनस्पति प्रोटीन का इस्तेमाल किया जाता है। एफएसएसएआई ने हाल ही में इस संबंध में ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें आम लोगों और संबंधित पक्षों से 60 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं। प्रस्तावित बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे गैर-डेयरी उत्पादों को पनीर के नाम से बेचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित न किया जाए। इस अधिसूचना में ऐसे उत्पादों को पनीर के नाम से बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव है, जिनमें इस्तेमाल किए गए घटक दूध से प्राप्त नहीं होते हैं। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि उपभोक्ताओं को उत्पाद की प्रकृति और उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री को लेकर गुमराह होने से बचाने के लिए संबंधित नियम में संशोधन प्रस्तावित किया गया है।

## स्लीपर बस में लगी आग, 9 जिंदा जले



● नई दिल्ली / आरएनएन

**यमुना एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, कई लोगों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान**

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर देर रात एक स्लीपर बस में आग लगने से नौ यात्रियों की जलकर मौत हो गई। कई अन्य यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस के मुताबिक, यह घटना आधी रात के करीब जेवर पुलिस स्टेशन इलाके के दयानातपुर गांव के पास हुई। यह स्लीपर बस नोएडा से आगरा जा रही थी और इसमें करीब 35 यात्री सवार थे।

# खेल प्रतिभाओं के लिए खुला दिल, कालूराम जाट ने दिए एक लाख

## पिंड कबड्डी मेट पर खेलप्रेमी का हुआ गर्मजोशी से स्वागत, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा खेल मैदान

स्मार्ट हलचल

**राजपुरा बड़ीसादड़ी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिंड में चल रही 70वीं जिला स्तरीय 19 वर्षीय छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए भामाशाह भी आगे आ रहे हैं।प्रतियोगिता संयोजक रजनीश पालीवाल ने बताया कि उंठेल के युवा खेलप्रेमी एवं भामाशाह कालूराम जाट ने प्रतियोगिता के लिए एक लाख रुपए का नकद सहयोग प्रदान किया। कबड्डी मेट पर पहुंचने पर खिलाड़ियों और ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। निर्णायक मंडल, सैकड़ों दर्शकों और खिलाड़ियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद्र सुथार ने कहा कि खेलप्रेमी एवं भामाशाह कालूराम जाट द्वारा खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए दिया गया एक लाख रुपए का सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के सपनों को संबल देने वाली प्रेरणादायी पहल है। ऐसे सहयोग से खेल आयोजनों को नई ऊर्जा मिलती है





और खिलाड़ियों में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास मजबूत होता है। समाज के सक्षम लोगों को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में इसी तरह आगे आकर प्रतिभाओं का हाथ थामना चाहिए।

**भामाशाहों के सहयोग से मिल रहा संबल**

विद्यालय के रामेश्वर लाल लोहार और शांतिलाल ने बताया कि कालूराम जाट का सहयोग खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन की दिशा में सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों एवं इससे जुड़े कार्मिकों के भोजन की व्यवस्था में भी क्षेत्र के भामाशाहों और ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। इसमें कालूराम जाट के साथ मिठूलाल जणवा, भंवरलाल बावरी, बाबू खां पठान, पंचायत के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, पिंड विद्यालय का स्टाफ तथा रामलाल गायरी सहित कई सहयोगी शामिल हैं। गांव के प्रत्येक परिवार की ओर से भी आयोजन में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि भामाशाहों का सहयोग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। खेलप्रेमी व भामाशाह कालूराम जाट का सहयोग खेलों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है।

**780 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम**

चार दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में 19 वर्षीय छात्र वर्ग की विभिन्न टीमों के 780 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कबड्डी मेट पर खिलाड़ी अपने कौशल, तकनीक और दमखम का प्रदर्शन कर रहे हैं। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। महिलाएं भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रही हैं। पिंड विद्यालय का संपूर्ण परिवार खिलाड़ियों और निर्णायकों की सेवा में मुस्तैदी से लगा हुआ है। खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों की तालियों से खेल मैदान का माहौल लगातार रोमांचक बना हुआ है। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों की तालियां प्रतियोगिता में रोमांच भर रही हैं। वहीं, कालूराम जाट जैसे भामाशाहों का सहयोग यह संदेश दे रहा है कि प्रतिभा को अवसर और समाज का साथ मिले तो ग्रामीण अंचल से भी बड़ी खेल प्रतिभाएं सामने आ सकती हैं। खिलाड़ियों के लिए मिला यह सहयोग केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं, बल्कि उनके बेहतर भविष्य की ओर बढ़ाया गया उत्साहवर्धक कदम है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भेरूलाल सालवी, मुख्य निर्णायक मिट्ठू लाल जाट, पर्यवेक्षक तेजपाल जणवा, प्रधानाचार्य पंकज डांगी, निर्णायक शंकर लाल जाट, बद्रीलाल गुर्जर सुरेश चंद्र डांगी, रतनलाल डांगी, रतन लाल जाट, ओंकार लाल जाट, जगन्नाथ जाट, रामेश्वर लाल जाट व प्यार चंद सहित सैकड़ों ग्रामीण व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# बिजौलियाँ की प्रथम निर्वाचित चेयरपर्सन स्नेहा तिवाडी ने संभाला पदभार

## कुंवर सौभाग्य सिंह ने भी संभाला नगर पालिका उपाध्यक्ष का पद

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** बिजौलियाँ नगर पालिका की पहली निर्वाचित चेयरपर्सन स्नेहा तिवारी और नगर पालिका उपाध्यक्ष सौभाग्य सिंह पवार ने आज प्रातः 10:30 बजे वैदिक मन्त्रोंचार के साथ विधायक गोपाल खंडेलवाल की मौजूदगी में नगर पालिका का पदभार ग्रहण किया शपथ ग्रहण समारोह में सभी पार्षद भी मौके पर मौजूद रहे और एकजुट होकर बिजोलिया के चहुमुखी विकास को प्राथमिकता देने की बात कही वही भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की पत्नी की कल सड़क हादसे में मृत्यु हो जाने के कारण



कार्यक्रम को सीमित रखते हुए बस पदभार ग्रहण का कार्यक्रम ही संपन्न किया बाकी के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए इस मौके पर सैकड़ो ग्राम वासियों के साथ महिलाएं पुरुष भी मौके पर मौजूद रहे वही एग्जीक्यूटिव ऑफिसर तरुण कुमार शर्मा ने विधायक और नवनिर्वाचित चेयरपर्सन और वॉइस चेयर पर्सन गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

# आयुर्वेद को वैकल्पिक नहीं, राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग,जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## विश्व आयुर्वेद परिषद ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** आयुर्वेद को केवल 'वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति' के रूप में नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप में प्रतिष्ठित करने की मांग को लेकर विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) श्रीमती प्रतिभा देवठिया, इस को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन एवं वैज्ञानिक चिकित्सा परंपरा है, जिसका इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। आयुर्वेद केवल चिकित्सा विज्ञान ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, रोगों की रोकथाम तथा दीर्घकालीन स्वास्थ्य संरक्षण की समग्र व्यवस्था प्रस्तुत करता है। इसके मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा तथा रोगी के रोग का निवारण करने पर आधारित हैं। विश्व आयुर्वेद परिषद ने कहा कि



वर्तमान समय में आयुर्वेद के प्रति देश-विदेश में बढ़ती स्वीकार्यता तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के निरंतर विस्तार को देखते हुए इसे केवल 'वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति' के रूप में देखना उचित नहीं है। परिषद ने आयुर्वेद को भारत की मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता एवं प्रतिष्ठा प्रदान किए जाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी एवं अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों को देश की पहचान और गौरव के रूप में सम्मान प्राप्त है। उसी प्रकार भारत की हजारों वर्ष पुरानी चिकित्सा विरासत आयुर्वेद को भी राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप में प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए। परिषद का कहना है कि इससे भारतीय चिकित्सा ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर उचित पहचान मिलेगी तथा आयुर्वेद के संरक्षण, संवर्धन, शिक्षा और अनुसंधान को नई गति मिल सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आयुर्वेद की विशेषता केवल रोग उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की रोकथाम, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य पर केंद्रित है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था में आयुर्वेद की भूमिका को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, चिकित्सालयों एवं औषधीय अनुसंधान को मजबूत करने तथा आमजन तक गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की मांग भी रखी गई। इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद परिषद के चित्तौड़ प्रांत प्रभारी डॉ. संजय नागर, भीलवाड़ा विभाग संयोजक डॉ. संजय शर्मा, जिला संयोजक डॉ. मुकेश वैष्णव, चिकित्साधिकारी संघ अध्यक्ष डॉ. सतीश शर्मा, परिषद के सदस्य डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल, डॉ. दिलीप सिंह परमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 10 माह के मासूम की मौत पर पांडिया अस्पताल में हंगामा

## परिजनों ने गलत ब्लड चढ़ाने का लगाया आरोप, अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही के आरोपों को नकारा



स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित पांडिया अस्पताल में इलाज के दौरान 10 माह के मासूम की मौत के बाद गुरुवार को परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मामला शांत कराया। परिजनों के अनुसार 10 माह के बालक देवांश भाट पिता अंकित भाट निवासी पुरानी आबादी मांडलगढ़ को 4 सितंबर को बुखार की शिकायत पर पांडिया अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। इस दौरान अस्पताल की ओर से बच्चे में खून की कमी बताई गई, जिसके बाद परिजनों ने ब्लड की व्यवस्था करवाई। बच्चे के नाना मोहनलाल ने आरोप लगाया कि ब्लड चढ़ाने के बाद देवांश की हालत बिगड़ने लगी। वह लगातार रोने लगा और उसके शरीर में सूजन आने लगी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन समय पर बच्चे को नहीं देखा गया। हालत बिगड़ने पर 6 सितंबर को बच्चे को भीलवाड़ा के निजी अस्पताल में ले जाया गया,उसके बाद उसकी हालत में सुधार नहीं होने कर उसे अहमदाबाद ले जाया गया। परिजनों का दावा है कि अहमदाबाद में जांच के दौरान उन्हें गलत ब्लड चढ़ाए जाने से बच्चे के अंगों को नुकसान पहुंचने की बात बताई गई। इसके बाद देवांश का अहमदाबाद में इलाज चलता रहा, लेकिन 16 सितंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजन गुरुवार को पांडिया अस्पताल पहुंचे और विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की।



### अस्पताल प्रशासन ने आरोपों से किया इनकार

वहीं, पांडिया अस्पताल के डॉक्टर अमृतलाल पांडिया ने परिजनों के आरोपों को पूरी तरह नकारते हुए कहा कि बालक को निमोनिया की गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ी थी। अस्पताल के अनुसार ब्लड चढ़ाने से पहले ब्लड ग्रुप और ब्लड नंबर का मिलान किया गया था और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही ब्लड चढ़ाया गया। डॉक्टर ने कहा कि बच्चे की हालत निमोनिया के कारण गंभीर थी। बाद में परिजन उसे अस्पताल से ले गए, जहां आगे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है।




# शम्भुगढ़ की दो बालिका वीरा गुर्जर नव्या जाट का सॉफ्टबॉल में राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल

**शंभुगढ़।** 70 वी जिला स्तरीय 14 वर्षीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतो का बाडिया तिलौली में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में विवेकानन्द उच्च प्राथमिक विद्यालय शंभुगढ़ की छात्रा वीरा गुर्जर ओर नव्या जाट के अच्छे प्रदर्शन से राज्य स्तर पर चयन हुआ। राज्य स्तरिय टूर्नामेंट सांचौर में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। सफलता का श्रेय कोच ओर गुरूजनों का दिया। राज्य स्तर पर चयन होने पर बधाई ओर शुभकामनाएं का तांता लग गया।



# बनेड़ा तहसील की 29 ग्राम पंचायतों और 289 वार्डों की आरक्षण लॉटरी निकली, चुनावी सरगर्मियां हुई तेज

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा- बनेड़ा-** पंचायती राज आम चुनाव 2026 को लेकर ग्रामीण नेताओं का लंबे समय से चल रहा इंतजार गुरुवार को खत्म हो गया। उपखंड मुख्यालय पर प्रशासन द्वारा बनेड़ा तहसील की 29 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों और 289 वार्डों के वार्ड पंचों के लिए आरक्षण की लॉटरी पूरी पारदर्शिता के साथ निकाली गई। उपखंड अधिकारी बाबूलाल (एसडीओ/एसडीएम) और निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस प्रक्रिया के बाद अब क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां पूरी तरह तेज हो गई हैं।आरक्षण सूची सार्वजनिक होते ही कई दावेदारों के चेहरे खिल उठे, तो वहीं कई गांवों में समीकरण बदलने से दिग्गज नेताओं को मायूसी हाथ लगी है। सरपंच की 29 सीटों और 289 वार्डों में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और सामान्य वर्ग (General) के लिए वर्गीकरण किया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार के नियमानुसार सभी वर्गों में 50 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं।




गांवों में बदली राजनीतिक बिसात लॉटरी के नतीजे सामने आते ही कई पंचायतों में बरसों से तैयारी कर रहे भावी उम्मीदवारों के गणित बिगड़ गए हैं। महिला आरक्षित घोषित हुई सीटों पर अब कई दिग्गज नेता अपनी पत्नियों या परिवार की महिला सदस्यों को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। वहीं, सामान्य हुई सीटों पर इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

# भीलवाड़ा में होगी राज्य स्तरीय जूनियर वूशू प्रतियोगिता



## चैंपियनशिप में भाग लेंगे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता तैयारी पूरी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा** - राजस्थान वूशू संघ के तत्वाधान व जिला वूशू संघ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय जूनियर वूशू चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर को सुखाड़िया स्टेडियम चित्तौड़ रोड भीलवाड़ा में किया जाएगा जिसे लेकर गुरुवार को संघ के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव आचार्य वह समस्त पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन की तैयारी का जायजा लिया गया वह पदाधिकारी एवं आयोजन कमेटी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सोफी गई ! प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे यह जानकारी जिला सचिव नरेंद्र सिंह शक्तावत ने दी है!

# मलखंभ प्रतियोगिता में जस्सू जी का खेड़ा चैंपियन

17 व 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में विद्यालय ने हासिल किया प्रथम स्थान, चार खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल

**काछोला** -70 वी जिला स्तरीय 17 वी 19 आयु वर्ग की छात्र छात्रा मलखंभ प्रतियोगिता में जस्सू जी का खेड़ा विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए दोनों आयु वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय के चार श्रेष्ठ खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राज्य स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों में नरेश रेगर, कोमल प्रजापत, बत्ती लाल मीणा एवं सुमित्रा तेली शामिल हैं। चयनित खिलाड़ी अब फलोदी जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम शर्मा एवं शारीरिक शिक्षक कैलाश चंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण के चलते यह सफलता हासिल हुई है। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर रामप्रसाद धाकड़,हेमंत कुमावत,भंवर सिंह शक्तावत,महेंद्र सिंह,दुर्गा लाल,नरेंद्र सिंह,मुकेश कुमार मीणा,रामकिशोर मीणा,प्रियंक पारीक,भानु प्रकाश साहू,पिंकी पुरोहित,नारायण सिंह सहित आदि उपस्थित थे।

## इंद्र की मनुहार में काछोला रहा स्वैच्छिक बंद, आस्था और श्रद्धा को लेकर उमड़े श्रद्धालु



स्मार्ट हलचल

**काछोला** काछोला कस्बा गुरुवार को इंद्र की मनुहार में स्वैच्छिक बंद रहा। जिस पर व्यापार मंडल एवं धार्मिक संगठनों ने स्वैच्छिक रूप से बंद कर पहाड़ी पर स्थित भगवान बावन माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ कस्बा पूर्ण रूप से बंद रहा। वहीं कस्बे के सभी मंदिरों में क्षेत्र में सुख,शांति,समृद्धि, खुशहाली की कामना को लेकर पंडित धर्मराज शर्मा के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना की गई एवं पहाड़ी पर स्थित बावन माता मंदिर पर यज्ञ,अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, अभिषेक आदि विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ संपादित किए गए, जिस पर भगवान बावन माता के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व सुबह तालाब के किनारे स्थित चांद बड़ी स्थित चावंड माता मंदिर पर कस्बे वासी एकत्रित होकर मातारानी के जयकारों के साथ सदर बाजार होते हुए पहाड़ी स्थित बावन माता मंदिर पर पहुंचे, और सभी ने क्षेत्र सहित अपने व अपने परिवार के लिए सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली, धन, धान्य, निरोगी जीवन के साथ अच्छी बारिश की कामना की। इसमें कस्बे के वरिष्ठ एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, प्रताप सिंह,पप्पू धाकड़, नाहर मीना,खाना लाल धाकड़,भेरू तेली,कैलाश धाकड़ सहित आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आज की शाम सरथला श्याम के नाम

## सरथला श्याम के दरबार में सजा भव्य कवि सम्मेलन, कवियों ने बांधा समां

स्मार्ट हलचल

**काछोला** क्षेत्र के सरथला गांव में सरथला श्याम के दरबार में आयोजित महोत्सव के तहत भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को कभी हंसाया तो कभी सामाजिक सरोकारों से रूबरू कराया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



कवि सम्मेलन का संचालन देवेंद्र वैष्णव अन्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत रायबरेली से आईं कवयित्री कोमल नाजुक ने अपनी रचनाओं से की। इसके बाद बारा के कवि भेरुलाल भास्कर ने बेटियों के सम्मान और महत्व पर कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। कवि मनीष सुखवाल ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वहीं समकालीन विषयों पर भी कवियों ने अपनी बात काव्य के माध्यम से रखी। गोविंद हांकला, अरविंद शर्मा, मीनू शर्मा और कोमल नाजुक ने अपनी प्रस्तुतियों से कवि सम्मेलन में रंग जमा दिया। कवि सम्मेलन से पूर्व सभी कवियों ने भगवान सरथला श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में काछोला थाना प्रभारी बाल किशन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवान शंकर शर्मा ने किया। कवि सम्मेलन के दौरान श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों पर जमकर तालियां बजाईं और आयोजन का आनंद लिया। सरथला श्याम के दरबार में आयोजित यह साहित्यिक संध्या देर तक यादगार बनी रही।

### खामोर में बेटियों ने मैदान में दिखाया दमखम...

# 70वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आगाज

### 4 दिन में 30 टीमों की 470 छात्रा खिलाड़ी लेगी भाग,प्रथम दिन 8 मैच संपन्न हुए,4 मैच 17 आयु छात्रा वर्ग ओर 4 मैच 19 आयु छात्रा वर्ग

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** खामोर की खेल धरती पर गुरुवार को हॉकी का जोश देखने को मिला। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खामोर में 70वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्ष छात्रा हॉकी प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ हुआ। 24 से 27 सितंबर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में जिले की 30 टीमों के करीब 470 बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। उद्घाटन समारोह के साथ ही मैदान पर मुकाबलों का आगाज हुआ तो खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगा दिया।उद्घाटन समारोह में शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंची विभिन्न टीमों की बालिका खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।प्रतियोगिता के 17 वर्ष छात्रा वर्ग का उद्घाटन मुकाबला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धनोप और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पनोतिया के बीच हुआ। पनोतिया की टीम ने शुरुआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मुकाबले में दबदबा बनाए रखते हुए 4-0 से जीत दर्ज की।दूसरा मैच बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर, भीलवाड़ा के बीच मुकाबला हुआ। फुलिया कलां की टीम ने बेहतरीन तालमेल के साथ खेलते हुए 2-0 से विजय हासिल की।तीसरा मैच रा.उ.मा.वि अरनिया रासा ओर रा.उ.मा.वि सुरास के मध्य हुआ जिसमें सुरास







ने 2-0 से हराया।चौथा मैच ढ़िकोला ओर डाबला के मध्य खेला गया जिसमें 1-0 से डाबला ने विजय प्राप्त की। 19 वर्ष में भी रोमांच देखने को मिला,19 वर्ष छात्रा वर्ग में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर, भीलवाड़ा और श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां के बीच मुकाबला हुआ। दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।अंततः भीलवाड़ा की टीम ने 1-0 से मुकाबला अपने नाम किया।वहीं 19 वर्ष वर्ग के दूसरे मुकाबले में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पनोतिया और सेठ मुरलीधर मानसिंह बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,भीलवाड़ा के बीच मुकाबला हुआ। पनोतिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज की।वही 19 वर्ष छात्रा वर्ग में तीसरा मैच हुकमपुरा ओर देवरिया के मध्य खेला गया जिसमें देवरिया ने 4-0 से विजय प्राप्त की,तथा चौथा मैच खामोर ओर सणगारी के मध्य खेला गया जिसमें 1-0 से खामोर विजय रही।इस प्रकार प्रतियोगिता के पहले दिन पनोतिया ने 17 और 19 वर्ष दोनों वर्गों में जीत दर्ज की।उद्घाटन समारोह में दिखा जनप्रतिनिधियों व शिक्षा विभाग का समागम कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह राठौड़, अध्यक्ष क्रय-विक्रय सहकारी समिति शाहपुरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में सूर्यप्रकाश शर्मा, कुटुंब प्रबोधन सह संयोजक चित्तौड़ प्रांत,जीवराज गुर्जर, अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल शाहपुरा तथा भंवरलाल वैष्णव, उपाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल शाहपुरा मौजूद रहे। भाजपा के अनमोल पाराशर भी समारोह में उपस्थित रहे।वहीं मुख्य संरक्षक अरुणा गारू, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा,संरक्षक राजेंद्र गंगड़,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय भीलवाड़ा,सह संरक्षक महेश कुमार व्यास, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शाहपुरा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मार्गदर्शन में डीवाईडीईओ फिजिकल दशरथपुरी गोस्वामी, डॉ. सत्यनारायण कुमावत, एसीबीईओ-2 राजेंद्र शर्मा, विभागीय प्रतिनिधि द्वारका प्रसाद जोशी, मुख्य तकनीकी सलाहकार साबिर हुसैन उस्ता की भूमिका रही।

## कमला विहार राधा कृष्ण मंदिर स्थित गणपति बप्पा के दरबार में गूंजे भक्ति गीत, भक्तों ने नृत्य कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कमला विहार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में अनवरत तीन वर्षों से चल रहे प्रातःकालीन कीर्तन के क्रम में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के दरबार में भक्तिभाव के साथ हाजिरी लगाई। प्रवक्ता अंकित सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह से ही मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास के वातावरण से सराबोर रहा। भक्तों ने भगवान गणेश के समक्ष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। मंडल की लीला चेचाणी ने बताया कि प्रातःकालीन कीर्तन की यह धार्मिक परंपरा पिछले तीन वर्षों से लगातार जारी है। इसी क्रम में आयोजित कीर्तन में भक्तों ने गणपति बप्पा के समक्ष विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर महिला एवं पुरुष भक्तों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया और भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कीर्तन के दौरान 'लड्डू वाला गोल-मटोल', 'झीनी-झीनी उड़े रे गुलाल', 'गोरा तेरो लाला बिगड़ गयो रे' तथा 'सांवरे ने ऐसी मुरली बजाई रे' सहित अनेक भजनों की गूंज से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। भक्त भजनों पर झूमते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाते रहे। इस दौरान सभी ने गणपति बप्पा से प्रार्थना की कि वे प्रत्येक भक्त के घर में विराजमान होकर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें। भक्तों ने सामूहिक रूप से गणपति बप्पा की आराधना करते हुए उनके चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कीर्तन के दौरान मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भक्ति गीतों और सामूहिक नृत्य से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर भंवर कमर, शोभा, सुनीता, अनीता, सूरज, सुमन, प्रतीक्षा, कृष्णा, चंदा, सुधा, सीता सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और नियमित प्रातःकालीन कीर्तन की इस परंपरा को आगे भी इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी रखने का संकल्प लिया।



### बाबा रामदेव मेले की भजन संध्या व कवि सम्मेलन की निविदा निरस्त

## निविदा प्रक्रिया को लेकर संवेदकों और पंचायत प्रशासन के बीच हुई तीखी नोकझोंक, वार्ड पंचों की मौजूदगी में लिया गया निर्णय

स्मार्ट हलचल

**रायपुर** 24 सितम्बर ग्राम प ंचायत रायपुर में आयोजित होने वाले विशाल बाबा रामदेव मेले के तहत प्रस्तावित भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन की निविदा को निरस्त कर दिया गया। निविदा प्रक्रिया को लेकर गुरुवार सुबह ग्राम पंचायत परिसर में संवेदकों और पंचायत प्रशासन के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई। संवेदकों का आरोप था कि पूर्व में राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित निविदा सूचना में कार्यक्रम में शामिल होने वाले कलाकारों के नामों का उल्लेख नहीं किया गया था। बाद में निविदा फॉर्म में



कलाकारों के नाम सामने आने को लेकर संवेदकों ने प्रक्रिया पर सवाल उठाए और आपत्ति दर्ज कराई। मामले को लेकर ग्राम विकास अधिकारी राम लाल माली ने अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि निविदा प्रक्रिया में कलाकारों के नाम शामिल किए जाने के संबंध में प्रशासक इंजीनियर रामेश्वर लाल छीपा की ओर से कार्रवाई की गई थी। वहीं, मामले को लेकर पंचायत प्रशासन और संवेदकों के बीच काफी देर तक चर्चा और बहस होती रही। विवाद की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत रायपुर के वार्ड पंच भी मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन की वर्तमान निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।ग्राम विकास अधिकारी राम लाल माली ने मौके पर मौजूद सभी संवेदकों को बताया कि जल्द ही नई निविदा जारी की जाएगी तथा उसके बाद कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित कर भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन के आयोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। निविदा निरस्त होने के बाद अब नई निविदा प्रक्रिया और उसमें कलाकारों एवं कार्यक्रम से संबंधित विवरण किस प्रकार शामिल किए जाते हैं, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

## सत्येंद्र सिंह चौहान ने विधि-विधान के साथ ग्रहण किया चेयरमैन का पदभार

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** आसींद नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन सत्येंद्र सिंह चौहान ने गुरुवार को विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम से पूर्व नगर पालिका परिसर में हवन का आयोजन किया गया। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। हाल ही में हुए नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने आसींद नगर पालिका में 17-0 के आंकड़े के साथ बोर्ड बनाने में सफलता हासिल की थी। इसके बाद सत्येंद्र सिंह चौहान को नगर पालिका अध्यक्ष चुना गया। पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। सत्येंद्र सिंह चौहान लगातार दूसरी बार नगर पालिका के पार्षद निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने नगर के विकास एवं आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इस दौरान आसींद विधायक जबर सिंह सांखला, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, विधायक प्रत्याशी मनसुख सिंह गुर्जर, पार्षद अनिल सिंह तंवर सहित कस्बे के भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### मांडलगढ़ पालिका अध्यक्ष श्वेता डांगी व उपाध्यक्ष अनीता सुराणा ने संभाला पदभार

# सभी पार्षदों को साथ लेकर नगर विकास का संकल्प, अधूरे कार्य पूरे कराने का भरोसा; समर्थकों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** । मांडलगढ़ नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्वेता डांगी एवं उपाध्यक्ष अनीता सुराणा ने पदभार ग्रहण कर नगर पालिका का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को भाजपा का उपरना पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। पदभार ग्रहण की औपचारिक कार्रवाई नगर पालिका के अधिकारी की मौजूदगी में पूरी की गई। आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी करवाए गए। अध्यक्ष श्वेता डांगी ने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी पार्षदों को साथ लेकर काम किया जाएगा। नगर के विकास से जुड़े जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने नगरवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

**अनीता सुराणा चौथी बार पार्षद, पहले भी रह चुकी हैं उपाध्यक्ष**

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अनीता सुराणा मांडलगढ़ नगर



पालिका के वार्ड 3 से भाजपा की पार्षद निर्वाचित हुई हैं। इस चुनाव में उन्होंने 279 मत प्राप्त कर 144 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। अध्यक्ष पद के चुनाव में भी अनीता सुराणा ने नामांकन दाखिल किया था, हालांकि बाद में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी के रूप में श्वेता डांगी मैदान में रहीं। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में अनीता सुराणा का कांग्रेस की जहरा फातिमा से मुकाबला हुआ था। 20 सदस्यीय बोर्ड में 14 पार्षदों ने मतदान किया। अनीता सुराणा को 12 और जहरा फातिमा को 2 मत मिले। इस तरह अनीता सुराणा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। अनीता सुराणा इससे पहले भी नगर पालिका में उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल चुकी हैं। इस बार लगातार चौथी बार पार्षद निर्वाचित होने के बाद उन्हें उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।

**श्वेता डांगी ने 12 मत लेकर संभाली अध्यक्ष की जिम्मेदारी**

मांडलगढ़ नगर पालिका के 20 वार्डों के चुनाव में भाजपा ने 11, निर्दलीय प्रत्याशियों ने 7 और कांग्रेस ने 2 वार्डों में जीत दर्ज की थी। अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की श्वेता डांगी को 12, निर्दलीय जूली ओस्तवाल को 6 और कांग्रेस की जहरा फातिमा को 2 मत मिले थे। इस परिणाम के साथ श्वेता डांगी नगर पालिका की अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। श्वेता डांगी वार्ड 9 से भाजपा की पार्षद निर्वाचित हुई थीं। वार्ड चुनाव में उन्हें 192 मत मिले और उन्होंने 68 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। अध्यक्ष पद संभालने के बाद अब उनके सामने नगर पालिका के विकास कार्यों को गति देने की जिम्मेदारी है।

**पूर्व अध्यक्ष संजय डांगी ने भी दिलाया विकास का भरोसा**

कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय कुमार डांगी भी मौजूद रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों और आमजन को भरोसा दिलाया कि नगर के जो भी विकास कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मांडलगढ़ नगर को विकास की दिशा में आगे ले जाने की बात कही। गौरतलब है कि श्वेता डांगी के पति संजय कुमार डांगी भी पूर्व में मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं। अब श्वेता डांगी के अध्यक्ष बनने के बाद नगर पालिका की जिम्मेदारी उनके परिवार में एक बार फिर आई है।

**भाजपा पदाधिकारी, पार्षद और पूर्व पार्षद रहे मौजूद**

पदभार ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, नवनिर्वाचित पार्षद, पूर्व पार्षद एवं बड़ी संख्या में समर्थक और आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

**समर्थकों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न**

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण के बाद समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। गाजे-बाजे के साथ समर्थकों ने जश्न मनाया। इस दौरान नगर में उत्साह का माहौल नजर आया।

### 10 माह के मासूम की मौत पर पांडिया अस्पताल में हंगामा

## परिजनों ने गलत ब्लड चढ़ाने का लगाया आरोप, अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही के आरोपों को नकारा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित पांडिया अस्पताल में इलाज के दौरान 10 माह के मासूम की मौत के बाद गुरुवार को परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मामला शांत कराया। परिजनों के अनुसार 10 माह के बालक देवांश भाट पिता अंकित भाट निवासी पुरानी आबादी मांडलगढ़ को 4 सितंबर को बुखार की शिकायत पर पांडिया अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। इस दौरान अस्पताल की ओर से बच्चे में खून की कमी बताई गई, जिसके बाद परिजनों ने ब्लड की व्यवस्था करवाई। बच्चे के नाना मोहनलाल ने आरोप लगाया कि ब्लड चढ़ाने के बाद देवांश की हालत बिगड़ने लगी। वह लगातार रोने लगा और उसके शरीर में सूजन आने लगी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन समय पर बच्चे को नहीं देखा गया। हालत बिगड़ने पर 6 सितंबर को बच्चे को भीलवाड़ा के निजी अस्पताल में ले जाया गया,उसके बाद उसकी हालत में सुधार नहीं होने कर उसे अहमदाबाद ले जाया गया। परिजनों का दावा है कि अहमदाबाद में जांच के दौरान उन्हें गलत ब्लड चढ़ाए जाने से बच्चे के अंगों को नुकसान पहुंचने की



बात बताई गई। इसके बाद देवांश का अहमदाबाद में इलाज चलता रहा, लेकिन 16 सितंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजन गुरुवार को पांडिया अस्पताल पहुंचे और विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की।

**अस्पताल प्रशासन ने आरोपों से किया इनकार**

वहीं, पांडिया अस्पताल के डॉक्टर अमृतलाल पांडिया ने परिजनों के आरोपों को पूरी तरह नकारते हुए कहा कि बालक को निमोनिया की गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ी थी। अस्पताल के अनुसार ब्लड चढ़ाने से पहले ब्लड ग्रुप और ब्लड नंबर का मिलान किया गया था और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही ब्लड चढ़ाया गया। डॉक्टर ने कहा कि बच्चे की हालत निमोनिया के कारण गंभीर थी। बाद में परिजन उसे अस्पताल से ले गए, जहां आगे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है।

# शाहपुरा पालिका की कमान सेन के हाथ, पदभार संभालते ही बोले- जनता को काम के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

### रमेश सेन ने संभाला पालिकाध्यक्ष का पदभार, बोले- जनभावनाओं के अनुरूप होंगे विकास कार्य; 24 घंटे मोबाइल पर सुनी जाएगी जनता की बात

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नगर पालिका अध्यक्ष पद पर गुरुवार को कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश सेन ने विधिवत पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण समारोह में कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र रेगर, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहम्मद इशाक सहित कांग्रेस के पार्षद मौजूद रहे। पदभार संभालने के बाद सेन ने कहा कि शाहपुरा के विकास को लेकर कांग्रेस प्रतिबद्ध है और शहर की जनता की जनभावनाओं के अनुरूप प्राथमिकता से काम करवाए जाएंगे। सेन ने कहा कि आमजन को अपने



काम के लिए नगर पालिका के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्या सीधे उनके मोबाइल पर बता सकेंगे। उन्होंने दावा किया कि जनता की समस्याएं सुनने के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे।

**सम्मान समारोह में हुआ अभिनंदन**

पदभार ग्रहण के बाद नगर पालिका परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार बैरवा, अशोक भारद्वाज, अजय मेहता सहित कांग्रेस नेता, पार्षद, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष रमेश सेन के साथ कांग्रेस के पार्षदों का भी अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। सेन का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई पालिका टीम से शहर के विकास को गति देने की उम्मीद जताई।

**भाजपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष भी पहुंचे**

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ का पहुंचना भी चर्चा में रहा। धाकड़ ने रमेश सेन से मुलाकात कर उन्हें पालिकाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। राजनीतिक मतभेदों से अलग इस मुलाकात को सामाजिक स्तर पर सकारात्मक संदेश के रूप में देखा गया।

**विधि-विधान से हुआ पूजन**

पदभार ग्रहण से पहले पंडित अशोक पोंडरीक ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद सेन ने पालिका अध्यक्ष की कुर्सी संभाली। इस दौरान पालिका परिसर में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी रही। अध्यक्ष पद संभालने के बाद अब रमेश सेन के सामने शहर की मूलभूत समस्याओं, विकास कार्यों और आमजन की अपेक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन के बाद नई पालिका टीम के सामने अब शाहपुरा के विकास का रोडमैप तैयार करने पर निगाहें टिकी हैं।

## चंवलेश्वर पार्श्वनाथ में 28 सितंबर को मनेगा क्षमावणी पर्व

### तीर्थ क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से जारी, धार्मिक अनुष्ठानों को दिया जा रहा अंतिम रूप

स्मार्ट हलचल

**काछोला** राजस्थान के लघु सम्मेद शिखर के नाम से विख्यात चंवलेश्वर पार्श्वनाथ देशनोदय दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में 28 सितंबर को आस्था का मेला भरेगा। इस अवसर पर वार्षिक कलशाभिषेक, सामूहिक क्षमावणी पर्व तथा मुनि पुंगव सुधासागर के 44वें दीक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भीलवाड़ा जिले सहित राजस्थान और अन्य राज्यों से जैन समाज के श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजक चंवलेश्वर पार्श्वनाथ देशनोदय दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश कांसलीवाल एवं प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि आयोजन आचार्य विद्यासागर के शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर के आशीर्वाद से होगा। आयोजन को लेकर तीर्थ क्षेत्र वामा देवी महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। अमित गोधा ने बताया कि 28 सितंबर को दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। सुबह 9 बजे शांतिधारा के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद सुबह 11.15 बजे पार्श्वनाथ विधान का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे मुनि पुंगव सुधासागर के 44वें दीक्षा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम होंगे। शाम 4.30 बजे मुख्य कार्यक्रम वार्षिक कलशाभिषेक आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भीलवाड़ा शहर के प्रमुख स्थानों से चंवलेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र तक निशुल्क बसों की व्यवस्था भी की गई है। तीर्थ क्षेत्र में आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



# पति की मौत के बाद बच्चों के भविष्य का सहारा बनी पालनहार योजना



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फरजाना को स्वयं सौंपा योजना का प्रमाण-पत्र

स्मार्ट हलचल

**अनिल खींची ब्यावर।** जैतारण तहसील निवासी फरजाना के परिवार के लिए मुख्यमंत्री पालनहार योजना मुश्किल दौर में सहारा बनी है। पति की सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी फरजाना के कंधों पर आ गई थी। बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनकी पढ़ाई का खर्च उठाना भी चुनौती बन गया था। ऐसे समय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से फरजाना का मुख्यमंत्री पालनहार योजना में पंजीकरण कराया गया। योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से बच्चों की शिक्षा से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने में परिवार को राहत मिली और उनकी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिली। फरजाना के लिए यह क्षण उस समय यादगार बन गया, जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं अपने हाथों से उन्हें योजना का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। फरजाना ने बताया कि सरकारी सहायता से बच्चों की पढ़ाई को निरंतर संबल मिला है और उनके बेहतर भविष्य की उम्मीद मजबूत हुई है। फरजाना ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 72वें असुचंड महोत्सव का ध्वजारोहण शुक्रवार को

स्मार्ट हलचल



**अनिल खींची ब्यावर।** कृष्णा मोहल्ला स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर में 72वां वार्षिक असुचंड महोत्सव 11 से 13 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार, 25 सितंबर को शाम 5.15 बजे ध्वजारोहण के साथ होगी। महोत्सव संयोजक प्रेम वाधवानी ने बताया कि ध्वजारोहण के दौरान झूलेलाल साहिब के पंजड़े गाकर स्तुति की जाएगी तथा छेज लगाकर श्रद्धालु उत्सव मनाएंगे। कार्यक्रम में सिंधी समाज के नवनियुक्त उपसभापति हरचंदानी एवं पार्षद वर्षा तिलोकानी का स्वागत व सम्मान भी किया जाएगा। महोत्सव को लेकर समाजजनों में उत्साह है।

# सभापति अनिल ईनाणी व उपसभापति सुदर्शन रामपुरिया ने संभाला पदभार, भरत बाग में हुआ समारोह

**भाजपा बोर्ड के गठन के बाद विकास का रोडमैप सामने आया; गौतम दक ने रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान और स्वच्छता पर दिया जोर, सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ को स्वच्छ-सुंदर बनाने का आह्वान**

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़,** नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के नवनिर्वाचित सभापति अनिल ईनाणी एवं उपसभापति सुदर्शन रामपुरिया ने बुधवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद सेतु मार्ग स्थित भरत बाग में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, भाजपा पदाधिकारियों, नवनिर्वाचित पार्षदों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन किया। समारोह में वक्ताओं ने नगर परिषद के नए भाजपा बोर्ड के सामने शहर की स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को गति देने को प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में रखा।

**रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान पर ध्यान दे परिषद : गौतम दक**

समारोह को संबोधित करते हुए सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक ने कहा कि उन्हें अनिल ईनाणी के साथ संगठन में लंबे समय तक कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने ईनाणी को संगठनात्मक शैली से कार्य करने वाला कार्यकर्ता बताते हुए नई नगर परिषद टीम से शहर को स्वच्छ बनाने के साथ आमजन की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। दक ने निर्माण स्वीकृति, सफाई, पार्कों के रखरखाव और स्ट्रीट लाइट जैसे आमजन से जुड़े कार्यों की लगातार समीक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प के अनुरूप चित्तौड़गढ़ को भी विकसित शहर बनाने के लिए टीम भावना से काम करना होगा।

**स्वच्छता को लेकर ठोस ग्राउंड प्लान बनाने की अपील**

सांसद सी.पी. जोशी ने नवनिर्वाचित सभापति, उपसभापति और पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए चित्तौड़गढ़ को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होंने स्वच्छता, सीवरेज, ड्रेनेज, पेयजल और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। जोशी ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर ठोस ग्राउंड प्लान तैयार कर कार्य करने की बात कही। जोशी ने कहा कि चित्तौड़गढ़ की जनता ने भाजपा को नगर परिषद में सेवा का अवसर दिया है, इसलिए आमजन को केंद्र में रखकर विकास कार्यों को गति देना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विकास कार्यों की शुरुआत चंदेरिया के वार्ड नंबर एक से करने की बात भी रखी।

**जनता और कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरा उतरने की अपील**

विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने नगर परिषद में भाजपा बोर्ड बनने में कार्यकर्ताओं और जनता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षदों से मिलकर शहर के विकास के लिए काम करने का आह्वान किया। आक्या ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ जनप्रतिनिधियों को चुना है, उस विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से मजबूत करना होगा।

**100 दिन की कार्ययोजना बनाने का सुझाव**

भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में भाजपा को जनता का विश्वास मिला है। उन्होंने चुनाव के दौरान किए गए विकास संबंधी संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने की बात कही। गाडरी ने कहा कि नए बोर्ड के शुरुआती दिनों में होने वाले कार्यों का प्रभाव आगामी पंचायतराज चुनावों में भी दिखाई देना चाहिए। उन्होंने पार्षदों और कार्यकर्ताओं से शहर में तेजी से विकास कार्य शुरू करने का आह्वान किया।

**नागरिकों के सुझाव लेकर विकसित करेंगे शहर : अनिल ईनाणी**

नवनिर्वाचित सभापति अनिल ईनाणी ने कहा कि नगर परिषद का बोर्ड सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के सहयोग से शहर के विकास के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नागरिकों से सुझाव लेकर उनके आधार पर चित्तौड़गढ़ को स्वच्छ, सुंदर और ऐतिहासिक नगरी के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। ईनाणी ने नगर परिषद बोर्ड के गठन में सांसद सी.पी. जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, संगठन पदाधिकारियों, चुनाव संचालन समिति, कार्यकर्ताओं और जनता के योगदान के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरा बोर्ड संगठन के निर्देशों और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगा।

**सुदर्शन रामपुरिया ने जताया आभार**

उपसभापति सुदर्शन रामपुरिया ने समारोह में मौजूद अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रघु शर्मा ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी ने दिया। विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर और सह प्रभारी नरेन्द्र जैन सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। समारोह में संत-महात्माओं की उपस्थिति रही तथा नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, नवनिर्वाचित पार्षद, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# खेरली-सौंखर पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों का हुआ आरक्षण

स्मार्ट हलचल




**कठूमर।** खेरली-सौंखर पंचायत समिति क्षेत्र की 24 ग्राम प चायतों के सरपंच पदों के लिए गुरुवार को आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल ने लॉटरी प्रक्रिया पूरी कर आरक्षण की स्थिति घोषित की। लॉटरी के परिणाम सामने आते ही सरपंच पद के कई दावेदारों में खुशी का माहौल बन गया, वहीं आरक्षण के चलते कई दावेदारों को निराशा भी हाथ लगी। कुछ दावेदार अब दूसरे विकल्पों की तलाश में जुट गए हैं। खेरली-सौंखर क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों के लिए घोषित आरक्षण के अनुसार बहरामपुर और दातिया में सामान्य महिला, दारैदा में सामान्य, ढहीन और बतवाड़ में अनुसूचित जाति महिला, डोरोली में सामान्य, गारू में सामान्य महिला, घोषराना व मन्या का बास में अनुसूचित जाति, कटहैड़ा में अनुसूचित जनजाति, खेरली रेल व खेड़ा कल्याणपुर में सामान्य, खौखर में सामान्य महिला, कुट्टीना व साबदास में ओबीसी महिला, लाठकी नूनिया में अनुसूचित जाति महिला, मख्खन का नंगला व मंगोलाकी में अनुसूचित जाति, नाटौज में सामान्य महिला, पीपलखेड़ा में अनुसूचित जनजाति, रामपुरा में अनुसूचित जनजाति महिला, रामपुरा पाटन में अनुसूचित जाति महिला, सहजपुरा में अनुसूचित जनजाति महिला, सालवाड़ी में ओबीसी, समूची में सामान्य महिला तथा सौंख-सौखरी में सामान्य वर्ग का आरक्षण घोषित किया गया। लॉटरी खुलने के साथ ही संभावित उम्मीदवारों ने अपने-अपने समीकरणों पर चर्चा शुरू कर दी है। जिन पंचायतों में उनकी अपेक्षित श्रेणी का आरक्षण आया है, वहां दावेदारों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है, जबकि आरक्षण बदलने से कई संभावित उम्मीदवारों को अब अन्य पंचायतों अथवा दूसरे पदों के विकल्प तलाशने पड़ सकते हैं। पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होने लगी हैं।

# मरीजों की दवा से लेकर इलाज तक... स्वास्थ्य व्यवस्था की 'रीढ़' फार्मासिस्ट, 25 को होगा सम्मान




## आईएमए हॉल में मुख्य समारोह, मेडिकल कॉलेज व एमजीएच में पोस्टर विमोचन, चिकित्सा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी व चिकित्सक होंगे शामिल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मरीजों को सही दवा उपलब्ध कराने से लेकर उसके सुरक्षित और प्रभावी उपयोग तक... स्वास्थ्य व्यवस्था में फार्मासिस्ट की भूमिका इलाज की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी भूमिका को रेखांकित करने और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत) की ओर से 25 सितम्बर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर मेडिकल कॉलेज एवं महात्मा गांधी अस्पताल में पोस्टर विमोचन कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. पूजा गंगराड़े तथा महात्मा गांधी अस्पताल में अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़ ने पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली में फार्मासिस्ट रीढ़ की हड्डी की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने फार्मासिस्टों से पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ मरीजों की सेवा करने तथा आमजन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का आह्वान किया। संघ के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस का मुख्य समारोह 25 सितम्बर को दोपहर 3 बजे स्थानीय आईएमए हॉल में होगा। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। समारोह में सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पूजा गंगराड़े, पीएमओ डॉ. अरुण कुमार गौड़, ड्रग कंट्रोलर मनीष कुमार, जिला औषधि वितरण प्रभारी डॉ. अशोक खटवानी, डॉ. प्रवीण सेन, आनंद सूरा, कुणाल ओझा, पवन, आईएमए अध्यक्ष डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. अजय सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह नाथावत और देवकीनंदन सहित कई अतिथि उपस्थित रहेंगे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में नीरज व्यास, अंकित काबरा, नेहा, बरखा, मीनाक्षी, प्रदीप, विकास, सोनिया और कल्पना सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस को उत्साह के साथ मनाने के साथ समाज में स्वास्थ्य एवं दवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में नोमान मंसूरी ने जीता स्वर्ण पदक

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-।** फूलिया खुर्द/-70वीं जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता अंडर-17 छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फूलिया खुर्द के कक्षा 9 के छात्र नोमान मंसूरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) हासिल किया। दिनांक 20 सितंबर से 23 सितंबर 2026 तक महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाइन, भीलवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में नोमान मंसूरी ने अंडर-17 छात्र वर्ग की एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में 400 में से 394 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।नोमान के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल के साथ 'बेस्ट शूटर' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर नोमान का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। नोमान मंसूरी इससे पूर्व भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।विद्यालय के प्रधानाचार्य बनवीर सिंह राठौड़ एवं समस्त शिक्षकगण ने नोमान मंसूरी को शानदार उपलब्धि एवं राज्य स्तर पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# दो मामलों को लेकर कलेक्ट्रेट पर गरजे भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता

## 24 मांगों और श्मशान भूमि विवाद पर सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर गुरुवार को भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी सहित विभिन्न संगठनों के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने दो अलग-अलग मामलों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष पंकज डीडवानिया ने बताया कि भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में देशभर के जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पहले 24 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित था, लेकिन अंतिम समय में अनुमति रद्द होने के बाद जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और वंचित वर्गों के सामाजिक न्याय, सम्मान, अवसर तथा उचित प्रतिनिधित्व से जुड़ी 24 प्रमुख मांगें शामिल हैं। वहीं, दूसरा मामला मांडलगढ़ के बैरवा समाज से जुड़ा बताया गया। डीडवाना ने आरोप लगाया कि चरनोट भूमि पर स्थित श्मशान घाट का रास्ता तारबंदी कर बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हाल ही में समाज के एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों को रास्ता बंद मिलने से परेशानी हुई। उनका दावा है कि उक्त भूमि चरनोट खातेदार की भूमि के रूप में निर्धारित है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में तहसीलदार मौके पर पहुंचे, लेकिन समाज के लोगों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया और स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। इसी मामले को लेकर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई और रास्ता खुलवाने की मांग की गई।

# आरक्षण लॉटरी ने बदले चुनावी समीकरण, कई दावेदारों के अरमानों पर फिरा पानी

## 25 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 241 वार्ड पंच पदों का आरक्षण तय, फूलियाकलां में पहली बार एससी महिला बनेगी प्रधान

स्मार्ट हलचल




**फूलियाकलां** नवगठित फूलियाकलां पंचायत समिति क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों तथा 241 वार्ड पंच पदों के लिए गुरुवार को आरक्षण लॉटरी निकाली गई। कृषि महाविद्यालय सभागार में एसडीएम अरुण कुमार जैन की देखरेख में हुई प्रक्रिया में 12 वर्षीय अंशिका कुम्हार से पर्ची निकलवाई गई। इस दौरान तहसीलदार रामदेव धाकड़, थानाधिकारी दिनेश चौधरी, सहायक विकास अधिकारी मिश्रीलाल कोली व सहायक लेखाधिकारी रवि कुमार खटीक सहित अधिकारी मौजूद रहे। आरक्षण निर्धारण के साथ ही लंबे समय से चुनावी तैयारियों में जुटे संभावित प्रत्याशियों के समीकरण बदल गए हैं। कई सामान्य वर्ग के दावेदारों को सीट आरक्षित होने से झटका लगा है, जबकि आरक्षित वर्ग के नए दावेदारों के लिए चुनावी मैदान में उतरने का अवसर खुला है। अब संभावित प्रत्याशी आरक्षण के अनुरूप नए सिरे से रणनीति बनाने में जुट गए हैं। नवगठित पंचायत समिति के गठन के बाद यह पहला चुनाव होगा। पंचायत समिति प्रधान का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। ऐसे में क्षेत्र को पहली बार एससी महिला प्रधान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सरपंच पदों की आरक्षण स्थिति में बावड़ी, ईटड़िया, खेड़ा हेतम, सणगारी, रलायता व पनोतिया सामान्य महिला, अरवड़, बासेड़ा व नई राज्यास एससी महिला, धनोप, कनेछन खुर्द व कनेछन कलां एससी, डोहरिया ओबीसी तथा कोठियां व तस्वारिया बांसा ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हैं। बडला एसटी महिला और देवपुरी एसटी के लिए आरक्षित है, जबकि सांगरिया, देवरिया, हुकमपुरा, बालापुरा, खामोर, बच्छखेड़ा व बिलिया सामान्य श्रेणी में हैं।इधर कांग्रेस नेता किशनलाल गोदारा ने आरक्षण निर्धारण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार ने पंचायत राज नियमों में ओबीसी आरक्षण 21 प्रतिशत निर्धारित किया है, जबकि नवगठित पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में ओबीसी आरक्षण करीब 16 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने इसे क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय बताते हुए पुनर्विचार की मांग की।

# ब्यावर के डॉ. पारस चौहान को राज्य स्तरीय धन्वन्तरि पुरस्कार




## आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जयपुर में हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में श्री चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर के प्रधान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉ. पारस चौहान को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय धन्वन्तरि पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। जयपुर के पृथ्वीराज सभागार में आयोजित समारोह में आयुष विभाग के उच्च अधिकारियों ने डॉ. चौहान को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया। डॉ. चौहान को ब्यावर जिले में रोगियों को लाभान्वित करने, आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार तथा समर्पित सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. चौहान के प्रयासों से आरजीएचएस औषधि दवा काउंटर शुरू कराने के साथ मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं डे-केयर आरजीएचएस के तहत रोगियों को भर्ती कर उपचार का लाभ दिलाया गया। पुरस्कार मिलने पर डॉ. चौहान ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि जिला आयुष चिकित्सालय एवं जिला आयुष कार्यालय ब्यावर परिवार तथा आयुर्वेद पर विश्वास रखने वाले सभी रोगियों का सम्मान है। सम्मान मिलने पर जिला आयुष कार्यालय ब्यावर के सहायक निदेशक डॉ. सीपी सेन सहित ईश्वर परिहार, रविन्द्र सिंह चौहान, हिमांशु शर्मा, हुकम सिंह, धर्मीचंद रेगर एवं भंवर सिंह सहित चिकित्सालय स्टाफ ने डॉ. चौहान का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। पायल दाधीच, शोभा कंवर, ममता एवं सुषमा कंवर सहित अन्य ने पुष्पमाला भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ग्राम पंचायत गुरला में कालका माता मंदिर के पीछे स्थित पीने के पानी की टंकी की दुर्दशा

# 5 साल से साफ-सफाई नहीं, जर्जर टंकी से हो रही जहरीले पानी की सप्लाई से ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

स्मार्ट हलचल



**गुरला:-** कहते हैं 'जल ही जीवन है' लेकिन ग्राम पंचायत गुरला में 'जल ही जहर बन गया है'। ये कोई कहावत नहीं बल्कि हकीकत है। जिले के पंचायत समिति सुवाणा की ग्राम पंचायत गुरला में कालका माता मंदिर के ठीक पीछे बनी पीने के पानी की मुख्य टंकी पिछले 5 साल से मौत को दावत दे रही है और प्रशासन, सरपंच और PHED विभाग आंखें मूंदकर बैठा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस टंकी से ही गांव में पीने के पानी की सप्लाई होती है, लेकिन इसकी हालत देखकर कोई भी कह देगा कि ये पानी पीने लायक नहीं, बल्कि जानवरों के भी पीने लायक नहीं है।

**पांच साल से नहीं धुली टंकी, अंदर काई और कीचड़ की मोटी परत**

स्थानीय ग्रामीणों और अन्य बुजुर्गों ने बताया कि इस टंकी की पिछले 5 साल में एक बार भी साफ-सफाई नहीं हुई है। नियमानुसार हर 3 महीने में पानी की टंकी को खाली करके ब्लीचिंग पाउडर और दवाई से साफ करना होता है, लेकिन यहां 5 साल साल में भी साफ सफाई नहीं हुई टंकी के अंदर झांकने पर काले रंग की काई, मरे हुए कीड़े-मकोड़े, पक्षियों की बीट और कीचड़ की 4-5 इंच मोटी परत जमी हुई है। इसी पानी को ग्रामीणों के घरों में भेजा जा रहा है। सोचिए, इसी पानी से हमारे बच्चे पानी पीते हैं, इसी से हमारी माताएं खाना बनाती हैं।

**टंकी की टूटी हुई ऊपरी सतह, लोहे की जंग लगी चादर से ढका हुआ हिस्सा, जहां से कचरा और धूल सीधे पानी में गिर रही है]**

टंकी पूरी तरह जर्जर, ऊपर की छत टूटी, लोहे की चादर से ढका है मौत का कुआं

इस टंकी की सबसे भयावह तस्वीर इसकी छत की है। टंकी की ऊपरी आरसीसी स्लैब पूरी तरह से टूट चुकी है, जगह-जगह से सरिया निकल आए हैं, कंक्रीट गिर रहा है। इसे ढकने के लिए जुगाड़ के तौर पर एक लोहे की चदर रख दी गई है। ये चदर भी पूरी तरह जंग खा चुकी है, इसका जंग और कचरा सीधे पानी में गिर रहा है। बारिश में इसी चादर के ऊपर से पक्षियों की बीट, धूल, पत्ते, प्लास्टिक सब बहकर सीधे टंकी के अंदर जा रहा है। ये पीने के पानी की टंकी नहीं, बल्कि कचरा पात्र बन गई है।

**टंकी पर उगे पीपल और झाड़ियां, जड़ों ने दीवारों में कर दी दरारें**

टंकी की दीवारों और छत पर 3-4 फीट ऊंची झाड़ियां, पीपल के छोटे-छोटे पेड़ उग आए हैं। इनकी जड़ों ने टंकी की दीवारों में गहरी दरारें पैदा कर दी हैं। इन दरारों से गंदा बरसाती पानी रिसकर अंदर जाता है। यही नहीं, इन झाड़ियों में सांप, बिच्छू और जहरीले कीड़ों ने अपना बसेरा बना लिया है, जो कभी भी पानी में गिर सकते हैं।

**पानी की टंकी पर उगी 3-4 फीट ऊंची झाड़ियां और पीपल के पेड़, दीवारों में आई दरारें साफ दिखाई दे रही हैं**

ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खुला खिलवाड़, हर घर में पीलिया और पेट दर्द के मरीज

गंदे पानी का सीधा असर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**कागजों में हर साल सफाई, धरातल पर जीरो - लाखों का घोटाला?**

सबसे बड़ा सवाल - जब टंकी 5 साल से साफ नहीं हुई तो हर साल जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत के बजट में टंकी की सफाई, मरम्मत और ब्लीचिंग के नाम पर जो लाखों रुपये निकाले जाते हैं, वो कहां जा रहे हैं? ग्रामीणों ने रुआंद्ध लगाने की चेतावनी दी है। अगर कागजों में सफाई दिखाकर पैसा खाया जा रहा है तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार है और मानव हत्या के प्रयास जैसा गंभीर अपराध है। प्रशासनिक लापरवाही की हदें पार नियम कहता है कि हर ग्राम पंचायत में पेयजल स्रोतों का हर महीने सरपंच, सचिव और PHED के जेईएन द्वारा निरीक्षण होना चाहिए। लेकिन गुरला में तो लगता है अधिकारी मंदिर तो आते हैं, माथा टेकते हैं, लेकिन मंदिर के पीछे बनी इस मौत की टंकी की ओर मुड़कर भी नहीं देखते।टंकी के आसपास उगी सभी झाड़ियों को हटाकर दवाई का छिड़काव किया जाए और टंकी को चारों तरफ से जाली से कवर किया जाए।पिछले 5 साल के सफाई और मरम्मत के खर्च का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए।जब तक टंकी पूरी तरह साफ और सुरक्षित नहीं हो जाती, गांव में टैंकरों से शुद्ध पीने के पानी की सप्लाई की जाए। क्योंकि सवाल सिर्फ पानी का नहीं, ग्रामीणों की जिंदगी का है।

# श्री राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशक पुलिस, राजस्थान द्वारा करौली में ली गई उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक

## संगठित अपराध, अवैध खनन, मादक पदार्थ, साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** पुलिस महानिदेशक राजस्थान श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में करौली जिले में उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज श्रीमती प्रीति चंद्रा, उपमहानिरीक्षक श्री कुंवर राष्ट्रदीप, जिला पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश सोनवाल सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई, अवैध खनन एवं बजरी परिवहन, मादक पदार्थों की तस्करी, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, महिला एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा तथा पुलिस की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीजीपी ने अधिकारियों को प्रोएक्टिव, परिणामोन्मुख एवं जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




**अवैध खनन, बजरी परिवहन एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस**

डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, बजरी परिवहन एवं भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के साथ पुलिस की फील्ड विजिबिलिटी बढ़ाने एवं सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने लंबित अनुसंधान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले तीन माह में उनके स्तर पर एक वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। साथ ही झूठे मुकदमों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**संगठित अपराध पर एक्शन**

संगठित अपराध के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोपनीय तरीके से मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने, मजबूत आसूचना संकलन विकसित करने तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रोएक्टिव पुलिसिंग के माध्यम से संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने पर जोर दिया। गंभीर एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में लेकर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, प्रभावी पैरवी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एरिया डोमिनेशन अभियान तथा मालखानों में जब्त माल के समयबद्ध निस्तारण की भी समीक्षा की गई।

**नवीन आपराधिक कानूनों में तकनीक का प्रभावी उपयोग**

बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग, ई-सम्मन एवं ई-वारंट की तामील तथा ऑनलाइन एफआईआर व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को तकनीक आधारित प्रक्रियाओं का अधिकतम उपयोग कर पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

**स्मैक एवं अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष रणनीति**

अवैध मादक पदार्थों, विशेष रूप से स्मैक के बढ़ते प्रचलन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा स्मैक के कारोबार एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए सप्ताह में दो दिन विशेष अभियान**

सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने हाईवे के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने इंटरसेप्टर एवं ब्रेथ एनालाइजर का अधिकतम उपयोग करते हुए प्रभावी चेकिंग करने को कहा। पुलिसकर्मियों द्वारा भी बिना हेलमेट दोपहिया वाहन नहीं चलाया जाए, इसके लिए पुलिस लाइन एवं कार्यालय परिसरों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**1930 हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग, साइबर शिकायतों के निस्तारण पर जोर**

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पर विशेष जोर देते हुए डीजीपी ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश सोनवाल को 1930 हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने पुलिस थानों पर आने वाले परिवादियों को ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने को कहा, ताकि परिवादी अपने प्रकरण में की जा रही कार्रवाई की जानकारी प्राप्त कर सकें तथा परिवादों की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा भी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके।

महिला, बच्चों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई

महिलाओं, बच्चों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस थानों में महिला पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा पुलिस लाइन परिसरों में सामुदायिक सुविधाओं के उन्नयन की भी समीक्षा की गई।

**सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने पर जोर**

डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि ह्न-ष्टस्न्न, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक सहित अन्य सामुदायिक पुलिसिंग समूहों के साथ नियमित संवाद एवं प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। इन समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर आसूचना संकलन, अपराधों की रोकथाम, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था संबंधी सूचनाओं के समय पर आदान-प्रदान में इनका बेहतर उपयोग लिया जाए। साथ ही इनके माध्यम से पुलिस एवं आमजन के मध्य संवाद और विश्वास को ओर अधिक मजबूत किया जाए। बैठक के अंत में डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा, अपराधों की प्रभावी रोकथाम, त्वरित अनुसंधान, मजबूत आसूचना तंत्र और फील्ड में पुलिस की दृश्यमान उपस्थिति को प्राथमिकता देते हुए पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाया जाए।

# टिटोडा जागीर में 70 वी जिला स्तरीय छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड।** शक्करगढ़-क्षेत्र के टिटोडा जागीर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70 वी जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा क्रि केट प्रतियोगिता का समापन समारोह आोजित किया गया।20 से 23 सितंबर तक चली प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमो की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल कौशल का प्रदर्शन किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसीबीईओ अंजली कुमार शर्मा रहे। अध्यक्षता बाकरा प्रधानाचार्य सोजीराम मीणा ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक कास्ट सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीदरास,आसीन्द प्रथम व मियाला रायपुर,द्वितीय बापू नगर भीलवाड़ा, तृतीय तथा सोफिया इंटरनेशनल स्कूल चौथे स्थान पर रही।वही 19 वर्ष छात्रा वर्ग में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल भीलवाड़ा प्रथम,सरस्वती बाल विद्या मंदिर आसीन्द द्वितीय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुशी तृतीय तथा भमाणा विद्यालय की टीमें चौथे स्थान पर रही।विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए।संचालन रामनाथ मीणा ने किया।प्रधानाचार्य रामलाल रेगर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले शिक्षकों,शारीरिक शिक्षकों,निर्णायको,विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों का आभार जताया गया।



# ब्यावर पहुंची भाजयुमो की सेवा संकल्प यात्रा, सेवा कार्यों से दिया जनसेवा का संदेश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा बुधवार को ब्यावर पहुंची। यात्रा का भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष सांड़ एवं विधायक शंकर सिंह रावत ने स्वागत किया। संकल्प कलश रथ के साथ 300 से अधिक बाइक सवारों की रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मोती महल पहुंची। गुरुवार को अम्बेडकर भवन में आयोजित सेवा संवाद कार्यक्रम में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वडोदरा सांसद डॉ. हेमांग जोशी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव जुड़े और सेवा यात्रियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सेवा यात्रियों से संवाद किया। इसके बाद डॉ. हेमांग जोशी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष सांड़ ने ब्रह्मानंद धाम स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया। बीएम शर्मा महिला राजकीय महाविद्यालय में सेवा वाटिका के तहत 25 पौधे लगाए गए। रोडवेज बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर कमलराम मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकीर्ति सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद सेवा संकल्प यात्रा बाइक रैली के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमांग जोशी के नेतृत्व में अजमेर के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक शंकर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता नम्रता सिंह सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# सभापति के शपथग्रहण समारोह का कांग्रेस ने किया बहिष्कार

## कांग्रेस बोली–जोड़-तोड़ से बनाया बोर्ड, जनहित के मुद्दों पर निभाएंगे मजबूत विपक्ष की भूमिका

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद ब्यावर के सभापति के शपथग्रहण समारोह का कांग्रेस पार्षद दल ने बहिष्कार किया। समारोह से पूर्व कांग्रेस पार्षद दल की बैठक हुई, जिसमें सभी उपस्थित पार्षदों ने सर्वसम्मति से समारोह में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने कहा कि 60 सदस्यीय नगर परिषद में भाजपा के 23, कांग्रेस के 20, आरएलपी के 4 तथा 13 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। सभापति चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 35 तथा कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश गहलोत को 25 मत मिले। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, बल्कि अतिरिक्त समर्थन जुटाकर बोर्ड बनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस धनबल, दबाव और राजनीतिक जोड़-तोड़ के आगे नहीं झुकेगी। कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को परिषद में उठाएगी। सभापति प्रत्याशी कैलाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस को मिले 25 मत उसकी मजबूत उपस्थिति का प्रमाण हैं। नगर अध्यक्ष भरत बाघमार ने कहा कि कांग्रेस पार्षद दल पूरी तरह एकजुट है। वरिष्ठ पार्षद दलपतराज मेवाड़ा और घनश्याम फुलवारी ने कहा कि सड़क, सफाई, रोशनी, नालियों, पार्कों और जल निकासी जैसी समस्याओं को लेकर कांग्रेस जनता की आवाज परिषद में उठाएगी। कांग्रेस पार्षद दल ने कहा कि शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध नहीं, बल्कि राजनीतिक जोड़-तोड़ के प्रति लोकतांत्रिक असहमति का संदेश है। पार्षद दल ने जनहित में जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने का संकल्प जताया।

### घाड़ में खेत पर उड़द काट रही महिला की मौत

# जहरीले कीड़े के काटने से बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

स्मार्ट हलचल

**अ (देवली), टोंक** घाड़ थाना क्षेत्र में उड़द की फसल काट रही एक महिला की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। परिजन उसे दूनी अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका 61 वर्षीय दुर्गा देवी थीं, जो घाड़ निवासी दुर्गा लाल सैन की पत्नी थीं। रविवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत पर उड़द की फसल काटने गई थीं। खेत में काम करते समय किसी जहरीले कीड़े ने उन्हें काट लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह खेत में ही बेहोश हो गईं। परिजनों ने पहले घर पर प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन सुबह अचानक तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें दूनी अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं।



# उनियारा पंचायत समिति की 45 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों की आरक्षण लॉटरी जारी,

## 24 सितंबर को जारी एसडीएम उनियारा के आदेश में सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिला वर्ग के लिए आरक्षित किए पद

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को लेकर पंचायत समिति उनियारा की 45 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण की स्थिति जारी कर दी गई है। उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, उनियारा सुमन गुर्जर की ओर से गुरूवार, 24 सितंबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश में उनियारा पंचायत समिति क्षेत्र की 45 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद संबंधित वर्गों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार आरक्षण निम्न अनुसार हैं -

**सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतें**

रूपवास, श्योराजपुरा, बिलासपुर, बनेठा, सुरेली, कुण्डेर, देवरी, अलीगढ़, सोप, रसूलपुरा और पायगा ग्राम पंचायतों के सरपंच पद रखे गए हैं।

वहीं एक मात्र फुलेता ग्राम पंचायत का पद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित किया गया है।

एससी वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतें

गोठड़ा, बोसरिया, पचाला, और आमली ग्राम पंचायतों के सरपंच पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं।

एससी वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतें

ककोड़, खेलनिया, महाराजकंवरपुरा और महुआ ग्राम पंचायतों में सरपंच पद अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित किया गया है।

### एसटी वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतें

रानीपुरा, रूपपुरा, मोहम्मदगढ़, देवली, ढिकोलिया, खोहल्या और खातोली ग्राम पंचायतों के सरपंच पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

### एसटी महिला वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम पंचायते

कचरावता, नाहरा, पाटोली, चौरू, हैदरीपुरा और मंडावरा ग्राम पंचायतों में पद अनुसूचित जनजाति (महिला) वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं।

सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित पंचायते

रतनपुरा, पलाई, सुंथड़ा, कैरोद, बालीथल, उखलाना, बिलोता, गाडोली, रिजोदा, झुंडवा, कोटड़ी और मोहम्मदपुरा ग्राम पंचायतों में सरपंच पद सामान्य (महिला) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह आरक्षण पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के लिए किया गया है।

# पंचायत समिति कठूमर में सरपंच पदों की आरक्षण लॉटरी, 50 ग्राम पंचायतों का वर्गीकरण तय

## अनुसूचित जाति के 10, अनुसूचित जनजाति के 5, अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 और सामान्य वर्ग के 25 पद आरक्षित

स्मार्ट हलचल

**कठूमर।** पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर पंचायत समिति क ठूमर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उपखंड अधिकारी कार्यालय कठूमर में नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों की लॉटरी निकाली गई। इसके बाद आरक्षण सूची जारी की गई, जिसमें कुल 50 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों का वर्गीकरण निर्धारित किया गया है। जारी आरक्षण सूची के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 10, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 10 तथा सामान्य वर्ग के लिए 25 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें महिला आरक्षण का भी प्रावधान स्पष्ट रूप से किया गया है। अनुसूचित जाति के 10 पद अनुसूचित जाति वर्ग में गंजपुरा पुरुष, भरीथल महिला, खेरली तर्फ रेला पुरुष, सुंडियाना महिला, बराडा पुरुष, डयोठाना पुरुष, इन्द्रावली महिला, तुसारी महिला, जांगरू महिला तथा बाडला पुरुष के लिए सरपंच पद आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के 5 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग में रीझवास, मकरेटा, अगराया महिला, सिटाहेडा महिला तथा बादसू ग्राम पंचायत को शामिल किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 पद अन्य पिछड़ा वर्ग में जहाडू महिला, इन्द्रा कॉलोनी, नागल रूपा महिला, दुधेरी, मसारी, जाडला, बल्देवपुरा महिला, रोनीजाथान महिला, टीकरी महिला तथा मथुराहेडा ग्राम पंचायत शामिल हैं। सामान्य वर्ग के 25 पद सामान्य वर्ग में अडोली, अरूवा, बहतुकला महिला, बडोदाकान महिला, बसेठ महिला, मैंथना महिला, खोह महिला, भनोखर महिला, ईसरौता, जटवाडा, कालवाडी, टिटपुरी, टोडा महिला, तिगरिया महिला, तसई महिला, सौंख महिला, सहाडी महिला, नूरपुर महिला, कांकरोली महिला, खेडामैदा, रेटा, दयालपुरा, नाहर खोहरा टेंटपुर-कैमला तथा बेरका ग्राम पंचायतों को रखा गया है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में संभावित सरपंच प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। आरक्षण के अनुसार अब विभिन्न वर्गों के इच्छुक उम्मीदवार अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में चुनावी तैयारियों में जुट सकेंगे। जारी सूची पंचायत राज चुनाव 2026 के तहत सरपंच पदों के आरक्षण से संबंधित है।




### नगर पालिका भवानी मंडी अध्यक्ष पद पर पूजा पाठ के साथ पद भार ग्रहण किया

# पालिका अध्यक्ष ने शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास करवाने की घोषणा

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी ।** भवानी मंडी नगर पालिका अध्यक्ष पद पर पिंकी गुर्जर ने पूजा पाठ के साथ पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर उन्होंने भवानी मंडी के सभी वार्डों में समान रूप से विकास क ार्य करवाने की घोषणा की भवानी म ंडी नगर पालिका अध्यक्ष पर आज पिंकी गुर्जर ने विधिवत पूजा पाठ के साथ अपना पदभार ग्रहण कर अपने ससुर पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष विनय ऑस्तोलिया. पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर विधायक प्रत्याशी चेतराज गहलोत. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोड सिंह परमार. पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान .जोरावर सिंह चौहान, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनिल मीणा, पूर्व पार्षद सुगना गुर्जर, ललित कुमावत जेके अरोड़ा, पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश नाहर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुखराज जैन, विकास जैन कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहे बात ग्रहण समारोह में गुर्जर समाज ने भी पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर का स्वागत किया इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय ने 51 किलो के हर पहनकर पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर तथा पालिका अध्यक्ष पिंकी गुर्जर का माल्यार्पण किया उपस्थित कांग्रेस वक्ताओं ने शहर में समान रूप से विकास कार्य करवाने की बात कही इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष पिंकी गुर्जर ने कहा भवानी मंडी शहर में सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे विकास ही उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर ने कहा कि जनता ने उन्हें सेवा करने का मौका दिया है वह पूरी तरह जनता के लिए समर्पित रहकर कार्य करेंगे इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष विनय. आस्तोलिया ने नगर पालिका अधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा की आम जनता के छोटे-छोटे सभी सभी कार्यों का प्राथमिकता से निवारण किया जाए जनता अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार नगर पालिका के चक्कर नहीं काटे जनता ने जो कांग्रेस पर विश्वास कर बोर्ड बनाया है उसे उम्मीद पर हमें पूरी तरह खराब करना है पालिका अधिशासी अधिकारी शंभू लाल मीणा ने पालिका अध्यक्ष पिंकी गुर्जर के हस्ताक्षर करवा कर पदभार ग्रहण करवाया



# कैरिकॉम, फिपिक बैठकों में भारत का कैरेबियाई-प्रशांत देशों संग सहयोग पर जोर

स्मार्ट हलचल

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र के इतर न्यूयॉर्क में भारत की कूटनीतिक सक्रियता निरंतर जारी है। इसी क्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अध्यक्षता में दो अत्यंत महत्वपूर्ण बहुपक्षीय बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों ने कैरेबियाई और प्रशांत महासागरीय द्वीप देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय व क्षेत्रीय संबंधों को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-कैरिकॉम (कैरेबियाई समुदाय) की उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिस दौरान दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक जुड़ाव को और अधिक गहरा करने पर सहमति बनी। वार्ता में मुख्य रूप से व्यापार और निवेश को बढ़ाने, कृषि और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने, जलवायु लचीलेपन और ऊर्जा सहयोग जैसे वैश्विक महत्व के क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर व्यापक और सकारात्मक चर्चा हुई। भारत ने कैरेबियाई देशों के सतत विकास में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा भारत-कैरिकॉम एफएमएम में बारबाडोस, डोमिनिका, बहामास, गुयाना, जमैका, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडाइंस, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, हैती, सेंट लूसिया, सेंट किट्स एंड नेविस, एंटीगुआ और बारबुडा के विदेश मंत्रियों, ग्रेनाडा के वित्त मंत्री, बेलीज के विदेश मामलों के मंत्रालय के सीईओ और कैरिकॉम की महासचिव डॉ. कार्ला नताली बार्नेट ने भाग लिया। कैरिकॉम नेताओं ने भारत की विकास साझेदारी और 'साउथ-साउथ सहयोग' को बढ़ावा देने में भारत द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की। दोनों पक्ष संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन से निपटने के साथ-साथ आतंकवाद-रोधी और सीमा-पार अपराधों जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम जारी रखने पर सहमत हुए। इसके अतिरिक्त, डॉ. जयशंकर की अध्यक्षता में ही 'फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन' (फिपिक) के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन भी हुआ। इस दौरान प्रशांत महासागरीय द्वीप देशों (पीआईसी) के नेताओं ने पिछले फिपिक शिखर सम्मेलनों से निकले नीतिगत नतीजों की गहन समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा फिपिक बैठक के दौरान रिन्यूएबल एनर्जी, क्लाइमेट एक्शन, आपदा से निपटने की क्षमता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और क्षमता निर्माण में आगे सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर फिपिक की साझेदारी और सहयोग को मज़बूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। ये दोनों बैठकें प्रदर्शित करती हैं कि वैश्विक मंच पर भारत संपूर्ण 'ग्लोबल साउथ' के साथ ही छोटे द्वीप देशों की विकास प्राथमिकताओं और उनकी सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को भी प्रमुखता से आवाज दे रहा है।



सेवा संकल्प यात्रा अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दशकों से अटकी परियोजनाओं का हुआ समाधान

# राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास का किया रोडमैप तैयार,युवाओं का होगा उज्जवल भविष्यःमुख्यमंत्री






जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए ऐसा रोडमैप तैयार किया है, जिससे प्रदेश के हर गांव का सुनियोजित विकास होगा। इसमें खेल मैदान से लेकर अटल ज्ञान केंद्रों की सुविधाएं शामिल हैं। हमारी सरकार की मंशा है कि युवा इन अटल ज्ञान केंद्रों में ई-लर्निंग की सुविधाओं का फायदा उठाएं और उज्ज्वल भविष्य बनाएं। मुख्यमंत्री जैतारण में सेवा संवाद कार्यक्रम-सेवा संकल्प यात्रा अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान हुआ है। राजस्थान की पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए रामजल सेतु, यमुना जल समझौता, नर्मदा समझौता और किशाऊ बहुद्देश्यीय बांध परियोजना जैसे बड़े अंतरराज्यीय समझौते हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवा, महिला, किसान और मजदूर का सशक्तिकरण किया जा रहा है, जिससे देश मजबूत होगा। उनके मार्गदर्शन में राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। हम बिजली लेने की जगह अन्य राज्यों को दे रहे है। वहीं, रोडवेज से लेकर डेयरी जैसे उपक्रम भी फायदे में है। किसानों को गेहूं की एमएसपी पर 150 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियानों ने समाज और देश को नई दिशा दी है। राजस्थान भी उनके एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर हरियालो राजस्थान अभियान चला रहा है, जिसके अंतर्गत 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक एवं ट्राई साइकिल वितरित की। मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधारोपण भी किया। साथ ही, उन्होंने पावन धाम परिसर में जैन संत रूपमुनि जी महाराज सा. एवं मिश्रीमल जी महाराज सा. के समाधि स्थल पर नमन किया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक शोभा चैहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और आमजन उपस्थित रहे।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का लाडनूं यात्रा कार्यक्रम

## महिला केवल विकास की सहभागी नहीं, विकास को गति और दिशा दोनों की सूत्रधार हैंःदिया कुमारी



जयपुर (नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिला है।


सरकार की हर योजना और अभियान में महिलाएं केन्द्र में है, जिससे देशवासियों की सोच में परिवर्तन आया है। आज महिला केवल विकास की सहभागी नहीं, विकास की गति और दिशा दोनों की सूत्रधार है जो कि हर क्षेत्र में विकसित भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित आचार्य श्री तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। उन्होंने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित 51 वें वार्षिक महिला अधिवेशन पर बधाई देते हुए देशभर से समागत सभी मातृशक्ति का अभिनन्दन किया और कहा कि आचार्यश्री महाश्रमण और साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभा का सानिध्य प्राप्त होना उनका सौभाग्य है। आचार्य तुलसी हमारे आदर्श रहे हैं, उनके नाम से पुरस्कार प्राप्त करना उनके लिए गौरवपूर्ण अवसर है।

### न्यूज इन बॉक्स



## डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने दीनदयाल मेले का उद्घाटन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान



जयपुर(नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, हम सब के प्रेरणापुंज श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचे और उनके प्रेरणादायी जीवन, विचारों और राष्ट्रसेवा के आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य में धानक्या स्मारक परिसर में आयोजित तीन दिवसीय दीनदयाल मेले का उद्घाटन कर परिसर में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में उपाध्याय जी के प्रेरणादायी जीवन-दर्शन से जुड़ी पुस्तक भी यूपीआई से भुगतान कर खरीदी। डॉ. बैरवा ने बताया कि श्रद्धेय उपाध्याय जी का संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी संदेश देता है।




## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में NSS दिवस पर रक्तदान शिविर, 35 यूनिट रक्त संग्रहित

जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) दिवस के अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में सुमन ब्लड बैंक सेंटर के सहयोग से 24 सितंबर 2026 को रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में 300 से अधिक छात्राओं एवं महाविद्यालय कर्मचारियों ने भाग लिया और 35 यूनिट रक्तदान किया गया। हृस्स्‌ की गतिविधियों और सामाजिक जिम्मेदारी की दी जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं सामाजिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता और विशेष शिविर सहित वर्षभर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।



प्रदेशभर में हो रहे हैं 12 प्रमुख गतिविधियों के आयोजन

## अभियान के प्रभावी संचालन एवं पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर दिया जोर

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेशभर में जनसेवा, सुशासन और आमजन की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित भारत - जन सेवा अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इस एक माह लंबे अभियान के तहत कुल 12 प्रमुख गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अब तक 1.37 करोड़ से अधिक नागरिक भाग ले चुके हैं। अभियान के सम्बन्ध में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने बुधवार को शासन सचिवालय में राज्य में संचालन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्रगति तथा आमजन को उपलब्ध कराए जा रहे लाभों की समीक्षा की गई।

**दिशा-निर्देश एवं मॉनिटरिंग**

बैठक में अभियान को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए दैनिक समीक्षा, प्रगति रिपोर्टिंग, फोटो/वीडियो डॉक्यूमेंटेशन तथा जिला स्तर पर नियमित सत्यापन के कड़े निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों को 'सफलता की कहानियों' की पुस्तिका तैयार करने और स्थानीय मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र एवं वंचित लाभार्थियों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। ग्रामीण सेवा शिविरों में लंबित प्रकरण को प्राथमिकता देकर निपटाया जाये। उन्होंने विभागों के मध्य बेहतर समन्वय के साथ अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त प्रकरणों एवं आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा फील्ड स्तर पर अभियान की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए।


एक बार फिर आपदा प्रबंधन के अग्रदूत बने सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स

## कूकस में 90 फीट गहरे सूखे कुएं में फंसे चार लोगों की बचाई जान



जयपुर(नि.सं.)। जयपुर जिले में नागरिक सुरक्षा विभाग के सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने एक बार फिर अपनी तत्परता, साहस और आपदा प्रबंधन कौशल का परिचय देते हुए कूकस क्षेत्र में 90 फीट गहरे सूखे कुएं में फंसे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि दोपहर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि ग्राम कूकस में एक पुरुष एवं एक महिला करीब 90 फीट गहरे सूखे कुएं में गिर गए हैं। उन्हें बाहर निकालने के प्रयास में दो अन्य व्यक्ति भी कुएं में उतरे, लेकिन वे भी नीचे जाकर फंस गए और वापस बाहर नहीं निकल सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीक्यूआरटी टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।कुएं की संरचना कच्ची होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन अत्यंत चुनौतीपूर्ण था।

कुएं की दीवारों के धंसने की आशंका को देखते हुए टीम ने अत्यधिक सावधानी और तकनीकी सूझबूझ के साथ बचाव कार्य को अंजाम दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन में क्रेन की सहायता भी ली गई।



## उदयपुर में गणपति को 6.36 करोड़ के नोटों से सजाया

### 1 किलो सोना और 41 किलो चांदी की ज्वेलरी पहनाई, रुपए से माला-स्वास्तिक बनाए

उदयपुर(वि.सं.)। उदयपुर जिले में गणेशोत्सव के दौरान बुधवार को दो प्रमुख पंडालों में गणेशजी को कुल 6.36 करोड़ रुपए से अधिक के नोटों की पोशाक पहनाई गई। फतेहनगर के 'दादा का दरबार' में करीब 3.85 करोड़ रुपए के नोटों, 1 किलो सोने और 41 किलो चांदी की ज्वेलरी से गणपति का दिव्य श्रृंगार हुआ, वहीं शहर के धानमंडी स्थित 'मन्नत वाले राजा' को 2.51 करोड़ रुपए के नोटों से सजाया गया। इस भव्य दर्शन के लिए दोनों ही स्थानों पर देर रात तक श्रद्धालु उमड़े रहे।

**नोटों के साथ सोना-चांदी से सजे गणपति**

फतेहनगर के 'दादा का दरबार' में गणपति बप्पा को धारण कराई आंगी में 500, 200 और 100 रुपए के नोट शामिल रहे।

प्रदेशभर के क्षेत्रीय कार्यालय वीसी से जुड़े

## पेंशनर्स की सुनवाई के लिए जल भवन में लगी पेंशन अदालत



जयपुर(नि.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में सेवानिवृत्त कार्मिकों, पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा लंबित पेंशन प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए जल भवन सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेशभर के विभागीय क्षेत्रीय कार्यालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और पेंशनर्स के प्रकरणों एवं परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्रवाई की गई। पेंशन अदालत में प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हेमन्त कुमार गेरा ने अधिकारियों को पेंशनर्स से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों, पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी करने तथा सेवानिवृत्ति परिलाभों के भुगतान से संबंधित मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया।

**सेवानिवृत्ति के समय ही मिले पेंशन संबंधी लाभ**

विभाग की ओर से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के समय ही पेंशन संबंधी लाभ एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सितंबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले 26 कार्मिकों को अग्रिम रूप से पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) वितरित किए गए। विगत तीन माह में विभाग के कुल 378 पेंशन प्रकरणों में से 312 प्रकरणों में पीपीओ जारी किए जा चुके हैं। शेष 66 प्रकरणों में से 20 प्रकरणों में भी पीपीओ जारी कर दिए गए हैं, जबकि शेष प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं।



## थाने के सामने युवक की पीट-पीटकर हत्या, पत्थर से सिर कुचला

### बाइक का टायर खरीदने बाजार आया था; धरने पर बैठे लोग

अलवर(वि.सं.)। अलवर के बड़ौदामेव में गुरुवार सुबह 10 बजे थाने के सामने युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। युवक बाइक का टायर खरीदने बाजार आया था। हत्या से गुस्साए लोग थाने के सामने धरने पर बैठ गए। लोगों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की। पुलिस के अनुसार- बड़ा वास निवासी सेकून खान (40) पुत्र नसरू खान अपने गांव के नूर मोहम्मद को बैंक में छोड़कर थाने के सामने से निकल रहा था। इसी दौरान हर्ष मूर्तिकार आया। उसने बाइक सवार सेकून को नीचे गिरा दिया और उसके सिर पर सड़क पर पड़े पत्थर (पट्टी के टुकड़े) से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोग तुरंत उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से अलवर रेफर कर दिया।

# 130 किलो अफीम डोडा चूरा तस्करी में 3 दोषियों को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी**

भवानीमंडी। विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, भवानीमंडी के न्यायाधीश श्री राजीव दत्तात्रेय ने गुरुवार (24 सितंबर) को 130 किलो अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में तीन अभियुक्तों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण संख्या 49/2024 (राजस्थान राज्य बनाम राजूराम वगैरह, एफआईआर नं. 438/2023, थाना भवानीमंडी) में तीनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।




**यह था मामला**

अपर लोक अभियोजक हेमराज शर्मा के अनुसार, 16 अक्टूबर 2023 को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जूल्मी तिराहे पर नाकाबंदी थी। इसी दौरान थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने टीम के साथ महिंद्रा पिकअप (RJ/21/GD/1837) को रोककर तलाशी ली। वाहन से 5 कट्टों में कुल 130 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। मौके से राजूराम और बिरदाराम गिरफ्तार हुए, जिन्होंने बताया कि यह अवैध डोडा चूरा उन्होंने अभियुक्त श्याम सिंह से खरीदा था।

**इन्हें मिली सजा**

अभियोजन पक्ष के साक्ष्य के बाद न्यायालय ने इन आरोपियों को दोषी करार दिया:

राजूराम (35), पुत्र दुर्गाराम, निवासी पावा, खूंखुना, नागौरः एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 व 8/25 में 12 वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना बिरदाराम (52), पुत्र डूंगाराम, निवासी पावा, खूंखुना, नागौरः धारा 8/15 में 12 वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना कुशाल सिंह सिसोदिया (38), पुत्र नाथूसिंह, निवासी सपानिया, गरोठ, मंदसौर (म.प्र.): धारा 8/29 में 12 वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना इसके साथ ही न्यायालय ने अपराध में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप को राजसात कर जब्त करने के आदेश भी पारित किए हैं।

डेडासही में 50 किलो संदिग्ध गोवंश मांस बरामद

## विहिप-बजरंग दल की सूचना पर पहुंची पुलिस, घर से अवशेष व धारदार उपकरण मिलने का दावा

स्मार्ट हलचल

**फतेहपुर** थाना क्षेत्र के डेडासही गांव में गुरुवार सुबह संदिग्ध गोवंश मांस मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक घर से करीब 50 किलो संदिग्ध गोवंश मांस बरामद किए जाने की बात कही है। मौके से अवशेष और छुरी-चाकू जैसे धारदार उपकरण भी मिलने का दावा किया गया है। पुलिस ने बरामद सामग्री कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को गांव में गोवंश मांस होने की सूचना मिली थी। इसके बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर घर की जांच की गई। कार्यकर्ताओं के अनुसार, मौके से करीब 50 किलो संदिग्ध मांस बरामद हुआ, जिसे पुलिस थाने ले गई। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि डेडासही गांव में काफी समय से गोवंश मांस की तस्करी की जा रही है। उनका दावा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले बड़ी मात्रा में मांस मौके से हटा दिया गया। कार्यकर्ताओं के अनुसार, मौके पर करीब डेढ़ क्विंटल से अधिक मांस होने की सूचना थी। हालांकि, मौके से डेढ़ क्विंटल से अधिक मांस होने और उसे हटाए जाने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी फैलते ही दो दर्जन से अधिक हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए मौके की जांच-पड़ताल की और बरामद सामग्री को कब्जे में लिया। इस मामले में पुलिस कार्रवाई के तहत करीब 50 किलो संदिग्ध मांस बरामद किए जाने की बात सामने आई है, जबकि अधिक मात्रा में मांस होने और लंबे समय से तस्करी चलने के आरोप विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए हैं। ऐसे में अब पुलिस जांच में यह स्पष्ट होना है कि मौके पर वास्तविक रूप से कितनी सामग्री थी और घटना से जुड़े अन्य तथ्य क्या हैं। बरामद सामग्री की वास्तविक प्रकृति की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी घटना के संबंध में थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि 5 से 7 किलो मांस बरामद हुआ है मामले की जांच करके जल्द ही शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शरीर में चलेगी खाने योग्य बैटरी, काम के बाद खुद घुल जाएगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वैज्ञानिकों ने ऐसी बैटरी विकसित की है, जो शरीर के अंदर कुछ समय तक छोटे मेडिकल उपकरणों को बिजली देने के बाद धीरे-धीरे खुद ही खत्म हो जाएगी। इससे बैटरी निकालने के लिए सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका शुरुआती परीक्षण सूअरों पर सफल रहा है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से जुड़े जियोवानी ट्रैवर्सो और उनकी टीम ने इसे विकसित किया है। शोध नेचर केमिकल इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है। बैटरी में मैग्नीशियम और मोलिब्डेनम ट्राइऑक्साइड का इस्तेमाल किया गया है। 73% अमेरिकियों को एआई से बड़े नुकसान का डर अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर लोगों की चिंता बढ़ रही है। 73% अमेरिकियों का मानना है कि एआई बनाने वाली कंपनियां इससे होने वाले गंभीर नुकसान को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रही हैं। रॉयटर्स-इप्सोस के सर्वेक्षण में 39% लोगों ने एआई को समाज के लिए नकारात्मक बताया, जो अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। सर्वेक्षण में 55% लोगों ने एआई के विकास की रफ्तार धीमी करने को सही बताया, जबकि 13% ने इसे गलत कहा। वहीं 73% लोगों ने कहा कि दुनिया में एआई की दौड़ में आगे रहने से ज्यादा जरूरी इसका सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल सुनिश्चित करना है।

### क्रैश फॉर कैश घोटाले में भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश पुलिस अधिकारी को जेल

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक पूर्व पुलिस अधिकारी को क्रैश फॉर कैश घोटाले में भूमिका के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद चार साल और पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। इस घोटाले में चोट लगने के झूठे दावे करके पैसे ऐंठे जाते थे। 42 साल का कुलदीप सिंह मेट्रोपॉलिटन पुलिस में अधिकारी था। तब वह एक ऐसे गिरोह में शामिल हुआ जो गाड़ियों की पूर्वनिर्धारित टक्कर करवाता था और बीमा कंपनियों से मुआवजे के लिए झूठे दावे करता था। कुलदीप ने इस साल की शुरुआत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। उसे पांच साल के लिए कंपनी डायरेक्टर बनने से भी रोक दिया गया।

### स्कूल गोलीबारी मामला: ओपनएआई और सैम ऑल्टमैन पर मुकदमा

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दिग्गज कंपनी ओपनएआई और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन के खिलाफ अमेरिकी संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी फरवरी माह में देश के सबसे भीषण स्कूल गोलीबारी कांडों में से एक को अंजाम देने वाली 18 वर्षीय हमलावर की हिंसक चैटजीपीटी गतिविधियों के बारे में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सचेत करने में पूरी तरह विफल रही। सैन फ्रांसिस्को स्थित फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर मुकदमे के अनुसार, ओपनएआई की ह्यूमन रिव्यू टीम द्वारा चिन्हित किए जाने के बावजूद कंपनी ने हमलावर की संदेहास्पद चैट के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को कोई सूचना नहीं दी।

### श्रीलंका में ईस्टर के मौके पर किए थे बम धमाके: कोर्ट ने 15 आरोपियों को दी 220 साल की सजा, पांच साल चला केस

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के 2019 ईस्टर संडे बम धमाकों के मामले में करीब पांच साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने 24 आरोपियों में से 15 को दोषी ठहराया और प्रत्येक को 220 साल के कठोर कारावास की सजा दी। नौ आरोपियों को बरी किया गया। मामले में 2,309 अभियोजन गवाहों ने गवाही दी। हमलों के बाद आतंकवादी साजिश के साथ-साथ सुरक्षा तंत्र की नाकामी को लेकर तत्कालीन राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व पर भी गंभीर सवाल उठे थे। कोलंबो परमानेंट हाई कोर्ट ट्रायल-एट-बार की तीन सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। 21 अप्रैल 2019 को श्रीलंका में सिलसिलेवार आत्मघाती धमाकों ने पूरे देश को हिला दिया था। स्थानीय इस्लामिक चरमपंथी संगठन नेशनल तौहीद जमात से जुड़े नौ आत्मघाती हमलावरों ने तीन कैथोलिक चर्चों और तीन लग्जरी होटलों को निशाना बनाया था। इन हमलों में करीब 270 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 11 भारतीय भी शामिल थे। 500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। संगठन के ढ्रस्ढ्रस से जुड़े होने की बात सामने आई थी। कोलंबो परमानेंट हाई कोर्ट ट्रायल-एट-बार ने 15 दोषियों को 220-220 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड रक्षा समझौते को अंतिम रूप दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक निल्सन ने एक नए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत 1951 के समझौते को अपडेट किया गया है और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया गया है। ट्रंप ने इस समझौते को लंबी कोशिशों का नतीजा बताया और कहा कि इससे अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के बीच रिश्ते मजबूत होंगे। ट्रंप ने तीनों देशों के बीच हुए समझौते पर दस्तखत करने के कार्यक्रम में कहा, 'हमारे रिश्ते बहुत शानदार और सुरक्षित होंगे, और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस पर काफी समय से काम चल रहा था। कुछ लोग सच में यह समझौता करना चाहते थे लेकिन कभी हो नहीं पाया, पर अब हम इसे पूरा कर रहे हैं।' ट्रंप ने कहा कि यह समझौता 'यूरोप, अमेरिका और सभी के लिए बहुत बढ़िया' होगा और ग्रीनलैंड के लिए तो 'अद्भुत' साबित होगा।

फ्रेडरिकसेन ने इस समझौते को अमेरिका के साथ डेनमार्क के लंबे समय से चले आ रहे सहयोग में एक अहम पड़ाव बताया। उन्होंने कहा, '75 साल पहले, हमने ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर एक समझौता किया था। आज, हम उससे भी बड़ा और बेहतर समझौता कर रहे हैं, एक ऐसा समझौता जो हमेशा कायम रहेगा। '

डेनमार्क की नेता ने कहा कि इस समझौते से सुरक्षा और प्रतिरोध क्षमता मजबूत होगी और साथ ही विरोधी



ताकतों को ग्रीनलैंड में पैर जमाने से रोका जा सकेगा। फ्रेडरिकसेन ने कहा, 'हम यह पक्का कर रहे हैं कि उन्हें ग्रीनलैंड पर कोई नियंत्रण या बड़ा असर डालने की इजाजत न मिले। और हम यह भी पक्का कर रहे हैं कि आर्कटिक में एक ही समय में हमारे और सहयोगी देश भी मौजूद रहें।' उन्होंने कहा कि इस समझौते में ग्रीनलैंड और नॉर्थ अटलांटिक संधि वाले इलाके की सुरक्षा में अमेरिका के ऐतिहासिक और जारी योगदान को मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि इसमें डेनमार्क साम्राज्य की क्षेत्रीय अखंडता और ग्रीनलैंड के आत्म-निर्णय के अधिकार का भी सम्मान किया गया है।

फ्रेडरिकसेन ने इस समझौते को भू-राजनीतिक तनाव के इस दौर में नाटो को मजबूत करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, 'अगर हम सहयोगी देशों के तौर पर बंट जाते हैं, तो हम अपने दुश्मनों की मदद करते हैं। हम ऐसा होने से रोकने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। नीलसन ने कहा कि इस समझौते से 1951 का रक्षा समझौता '2026 के दौर' के हिसाब से अपडेट हो गया है और यह पक्का हो गया है कि ग्रीनलैंड के इलाके और वहां के लोगों पर असर डालने वाले फैसलों में ग्रीनलैंड सीधे तौर पर शामिल होगा। उन्होंने कहा, 'ग्रीनलैंड के लिए, यह सिर्फ हमारे बारे में समझौता नहीं है, बल्कि यह हमारे साथ किया गया समझौता है। इसमें ग्रीनलैंड के लोगों, हमारे अधिकारों, हमारी आजीविका और हमारे देश के विकास का ध्यान रखा गया है।' नीलसन ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध और शीत युद्ध के दौरान ग्रीनलैंड ने सुरक्षा के लिहाज से अहम भूमिका निभाई थी और वह अमेरिका की घरेलू सुरक्षा में भी मदद करता रहा है। उन्होंने आर्कटिक में सुरक्षा को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच नाटो और पश्चिमी गठबंधन के प्रति ग्रीनलैंड की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। नीलसन ने कहा, 'इस समझौते से आज और भविष्य में इस बात को लेकर कोई शक नहीं रह जाना चाहिए कि ग्रीनलैंड की वफादारी किसके साथ है। हम अमेरिका के पक्के दोस्त रहे हैं और आगे भी रहेंगे, साथ ही पश्चिमी गठबंधन का हिस्सा भी बने रहेंगे। ' नीलसन ने इस समझौते को 'तीनों पक्षों के लिए फायदेमंद' बताया, जो साझा जिम्मेदारी, आपसी सम्मान और आर्कटिक में शांति बनाए रखने के लक्ष्य पर आधारित है। ट्रंप ने उस पत्रकार के सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया जिसने पूछा था कि क्या ग्रीनलैंड पर अमेरिका के मालिकाना हक की बात अब खत्म हो गई है। जब उनसे पूछा गया कि ग्रीनलैंड के लोगों के लिए उनका क्या संदेश है, तो ट्रंप ने कहा, 'मुझे ग्रीनलैंड के लोग बहुत पसंद हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि 'उनके प्रधानमंत्री उनका बहुत अच्छी तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं।' वॉशिंगटन और कोपेनहेगन के बीच 1951 में हुए रक्षा समझौते ने ग्रीनलैंड में अमेरिकी सेना की मौजूदगी का आधार तैयार किया था। 2004 में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के बीच हुए एक समझौते के जरिए इसमें बदलाव किए गए थे।

# मेलोनी का बड़ा फैसला, इटली में बुर्का बैन की तैयारी तेज

**रोम, एजेंसी।** यूरोप के देश इटली में स्कूलों में बुर्का या नकाब जैसे चेहरे को ढकने वाले परिधानों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही में इसकी घोषणा की है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों में चेहरा ढकने वाले परिधानों को प्रतिबंधित किया जाएगा। इस कदम के लिए सरकार को औपचारिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी और संसद की मंजूरी भी जरूरी होगी। इटली का यह कदम ऐसे समय में आया है, जब कई देशों में सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का या नकाब को लेकर अलग-अलग तरह के प्रतिबंध लागू हैं। फ्रांस यूरोप का पहला देश था, जिसने 2011 में सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा पूरी तरह ढकने पर प्रतिबंध लागू किया था। इसके बाद बेल्जियम, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, स्विट्जरलैंड और नीदरलैंड समेत कई यूरोपीय देशों ने भी पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध लगाए।

**किन-किन देशों में प्रतिबंधित है, बुर्का :** वर्तमान में करीब 24 देशों का उल्लेख किया गया है, जहां बुर्का या नकाब पर किसी न किसी रूप में प्रतिबंध या कड़े प्रतिबंध लागू हैं। इनमें कई लोकतांत्रिक और तानाशाही देश शामिल हैं, साथ ही साथ कुछ मुस्लिम बाहुल्य देश भी हैं जहां बुर्का या नकाब बैन है। अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, अजरबैजान, बेल्जियम, बुल्गारिया, कनाडा, चाड, चीन, डेनमार्क, फ्रांस, गैबॉन, कोसोवो, किर्गिस्तान, लातविया, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, ताजिकिस्तान, ट्यूनीशिया, तुर्कमेनिस्तान, तुर्की और उज्बेकिस्तान जैसे देशों के नाम शामिल किए जाते हैं। हालांकि, इन सभी देशों में प्रतिबंध की प्रकृति और दायरा एक जैसा नहीं है। कहीं पूरे सार्वजनिक क्षेत्र में प्रतिबंध है तो कहीं स्कूल, सरकारी संस्थान या विशेष सार्वजनिक स्थानों तक इसे सीमित किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान होगी वार्ता? विदेश मंत्री रूबियो बोले- ईरान से चर्चा को तैयार अमेरिका इटली कर रहा बुर्का बैन की तैयारी इटली में भी 1975 से सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ा कानून ऐसे साधनों के इस्तेमाल पर रोक लगाता है, जिनसे व्यक्ति की पहचान करना मुश्किल हो। इस कानून की व्याख्या को लेकर बुर्का और नकाब को शामिल करने पर लंबे समय से चर्चा होती रही है। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी स्कूलों में बुर्के को प्रतिबंधित करने की तैयारी तेज कर दी हैं। मिली जानकारी के अनुसार इटली में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार चेहरा छुपाने पर प्रतिबंध की तैयारी कर रही है। वहीं, हर यूरोपीय देश में ऐसा प्रतिबंध नहीं है। स्वीडन में बुर्का और नकाब पर देशव्यापी प्रतिबंध नहीं है। कुछ स्थानीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास हुए, लेकिन उन्हें कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# पाकिस्तान ने 2 हजार पूर्व अफगान सैनिक भर्ती किए


**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान में बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों से पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा बल पर दबाव बढ़ रहा है। इनसे निपटने के लिए पाकिस्तान ने 2,000 पूर्व अफगान सैनिकों और पुलिसकर्मियों भर्ती किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें ज्यादातर वे अफगान सैनिक हैं, जिन्होंने अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के साथ तालिबान के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। एक पूर्व अफगान सैनिक के मुताबिक, भर्ती हुए लोगों को हर महीने 40 हजार पाकिस्तानी रुपए, यानी करीब 13,807 भारतीय रुपए मिलते हैं।

**बलूचिस्तान में 2 महीने में 172 हमले, 68 सुरक्षाकर्मी मारे गए :** बलूचिस्तान में सुरक्षा ऑपरेशन चलाए जाने के बावजूद विद्रोही थानों, सरकारी दफ्तरों और हाईवे को निशाना बना रहे हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा और हिंसा से जुड़े मामलों पर रिसर्च करने वाली संस्था क्छूष्टस्स के मुताबिक, दो महीने में बलूचिस्तान में 172 हमले हुए। अकेले जुलाई में विद्रोही हमलों और सुरक्षा ऑपरेशन के दौरान 62 सुरक्षाकर्मी मारे गए। हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नौश्की शहर में विद्रोहियों से नियंत्रण वापस लेने के लिए पाकिस्तानी सेना को हेलिकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल करना पड़ा। तालिबान की वापसी के बाद नौकरी गई, आर्थिक तंगी ने भर्ती को मजबूर किया अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद कई पूर्व अफगान सैनिकों की नौकरी और तनख्वाह बंद हो गई। बदले के डर से इनमें से कई पाकिस्तान चले आए। 2021 से 2023 के बीच पूर्व सैनिकों और सुरक्षाकर्मियों की 218 हत्याएं हुईं। ऐसे माहौल में उनके लिए अफगानिस्तान वापस जाना मुश्किल था। पाकिस्तान आने के बाद इन लोगों के पास कोई काम नहीं था। पैसों की दिक्कत बढ़ती गई। ऐसे में जब सुरक्षा बल में नौकरी मिली, तो उन्होंने इसे अपना लिया। पाकिस्तान को इन सैनिकों से क्या फायदा? इन पूर्व अफगान सैनिकों को हथियार चलाने और लड़ाई का पहले से अनुभव है। वे तालिबान के खिलाफ लड़ चुके हैं और सीमावर्ती इलाकों में काम कर चुके हैं। इसलिए उन्हें सुरक्षा से जुड़े काम समझाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। पाकिस्तान के लिए इसका एक फायदा यह भी है कि इन लोगों को पहले से सैन्य ट्रेनिंग मिली हुई है।

# न्यूयॉर्क: यूएन मुख्यालय के पास मिला संदिग्ध पैकेट, बम की आशंका, सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट; पुलिस ने क्या बताया?

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान न्यूयॉर्क में मंगलवार को एक संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। यह पैकेट 43वीं स्ट्रीट और थर्ड एवेन्यू के पास मिला था। मामला संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से कुछ ही दूरी का था, जहां दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष और सरकारों के प्रमुख महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में हिस्सा ले रहे हैं। एहतियात के तौर पर पुलिस ने 42वीं स्ट्रीट से 44वीं स्ट्रीट तक और सेकंड एवेन्यू से लेक्सिंगटन एवेन्यू के बीच का इलाका बंद कर दिया। लोगों से इस क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की गई।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान न्यूयॉर्क में मंगलवार को एक संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। यह पैकेट 43वीं स्ट्रीट और थर्ड एवेन्यू के पास मिला था। मामला संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से कुछ ही दूरी का



था, जहां दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष और सरकारों के प्रमुख महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में हिस्सा ले रहे हैं। एहतियात के तौर पर पुलिस ने 42वीं स्ट्रीट से 44वीं स्ट्रीट तक और सेकंड एवेन्यू से लेक्सिंगटन एवेन्यू के बीच का इलाका बंद कर दिया। लोगों से इस क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की गई।

**जांच के बाद पैकेट को लेकर क्या सामने आया :** न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बाद में बताया कि पैकेट की जांच कर ली गई है और उसे संदिग्ध नहीं पाया गया। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार, 22 सितंबर को करीब दोपहर तीन बजे सुरक्षा एजेंसियों और उनके सहयोगी दलों ने 43वीं स्ट्रीट और थर्ड एवेन्यू के आसपास के रास्ते एहतियात के तौर पर बंद किए थे। जांच के बाद साफ हुआ कि इस सामान से आम लोगों को कोई खतरा नहीं था। इसके बाद इलाके को फिर से खोला गया। हालांकि पुलिस ने 43वीं स्ट्रीट के थर्ड एवेन्यू से लेक्सिंगटन एवेन्यू तक के हिस्से को कुछ समय के लिए बंद रखा।

**इलाके में मौजूद लोगों ने क्या बताया :** घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था देखी। पास की एक इमारत में काम करने वाले न्यूयॉर्क निवासी ने बताया कि सड़कें बंद होने के साथ कई मोटरकेड भी इलाके से गुजर रहे थे। उसने स्थिति को बेहद तनावपूर्ण बताया और लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि थर्ड एवेन्यू को 42वीं स्ट्रीट के उत्तर में कुछ घंटों के लिए घेर दिया गया था। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। उसने बताया कि उसे लगा कि कोई सूटकेस या सामान मिला था, जिसकी पुलिस जांच कर रही थी। यह घटना ऐसे समय हुई, जब न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा का 81वां सत्र चल रहा है। उच्चस्तरीय आम बहस 22 से 26 सितंबर और फिर 28 सितंबर को होनी है।

# ब्रिटेन के नए पीएम से मिले ट्रंप: दोनों देशों के रिश्तों को बताया बेहतर, चागोस द्वीप समझौते पर भड़के?

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम से पहली मुलाकात में दोनों देशों के रिश्तों को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। ट्रंप ने बर्नहम को कारोबार समझने वाला नेता बताया, लेकिन चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने की ब्रिटेन की योजना पर कड़ी आपत्ति जताई। रणनीतिक रूप से अहम डिएगो गार्सिया को लेकर दोनों देशों के बीच क्या मतभेद हैं? बर्नहम इसे कैसे सुलझाएंगे? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं... अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम की न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान पहली



आमने-सामने मुलाकात हुई। करीब तय समय से ज्यादा चली इस बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापार, यूक्रेन, फॉकलैंड द्वीप, ईरान और सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद ट्रंप ने बर्नहम की तारीफ करते हुए उन्हें कारोबार की समझ रखने वाला नेता बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन के साथ अमेरिका के रिश्ते पिछले प्रधानमंत्री की तुलना में अब बेहतर हैं। बर्नहम ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच अच्छी समझ बनी है।

**चागोस द्वीप समझौते पर ट्रंप ने क्यों जताई आपत्ति :** दोनों नेताओं के बीच सबसे बड़ा मतभेद हिंद महासागर में स्थित चागोस द्वीप समूह को लेकर सामने आया। ब्रिटेन ने मॉरीशस को इस द्वीप समूह की संप्रभुता देने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही डिएगो गार्सिया द्वीप पर मौजूद रणनीतिक अमेरिकी-ब्रिटिश सैन्य अड्डे को लंबे समय तक इस्तेमाल करने की व्यवस्था रखी गई है। हालांकि, इस समझौते को लागू करने के लिए जरूरी ब्रिटिश कानून की प्रक्रिया अमेरिकी विरोध के बाद रुक गई है। ट्रंप ने बैठक के बाद इस समझौते को बेहद खराब करार दिया और कहा कि डिएगो गार्सिया सैन्य और रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। ट्रंप की आपत्ति के बावजूद बर्नहम ने समझौते से पीछे हटने का ऐलान नहीं किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन अमेरिका के साथ मिलकर ऐसा रास्ता निकालने के लिए काम कर रहा है, जिससे डिएगो गार्सिया का सैन्य इस्तेमाल लंबे समय तक जारी रह सके। ब्रिटेन पहले ही मॉरीशस के साथ संधि कर चुका है, लेकिन इसे लागू करने के लिए संसद की मंजूरी अभी बाकी है। बर्नहम ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नविन रामगुलाम से भी बातचीत की है और दोनों पक्षों के विदेश मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान बैठक की बात कही गई है।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा: कश्मीर पर भाषण दे रहे थे एर्दोगन, उधर फोन पर रील्स देखते नजर आए सीरियाई राष्ट्रपति

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** एक तरफ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का मंच सजा है, जहां दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष और नेता वैश्विक चुनौतियों, युद्ध, शांति और कूटनीति जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी बात रख रहे है। इस बीच महासभा में हर नजर नेताओं के भाषण और अहम बैठकों पर थी। लेकिन इसी दौरान सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा का एक अलग ही अंदाज कैमरे में कैद हुआ। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा में गंभीर चर्चा चल रही थी, उस वक्त उनका ध्यान अपने फोन पर नजर आया। वह उस समय फोन पर इंस्टाग्राम रील्स देखते हुए दिखाई दिए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

**क्या है पूरा मामला :** कुर्दिस्तान 24 की रिपोर्ट के अनुसार, यूएनजीए के एक अनौपचारिक फुटेज में अल-शारा को तब आराम से अपना फोन इस्तेमाल करते, इंस्टाग्राम स्क्रॉल करते और रील्स भेजते हुए देखा गया, जब तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन पोडियम से भाषण दे रहे थे। वहीं, बता दें कि यह दूसरी बार है जब अल-शारा यूएनजीए में शामिल हुए हैं। इससे पहले 2025 में, लगभग 60 वर्षों में यूएनजीए में विश्व नेताओं को संबोधित करने वाले सीरिया के पहले प्रतिनिधि के तौर पर उन्होंने हिस्सा लिया था।

**एर्दोगन अपने भाषण में क्या कहा :** इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान एर्दोगन ने मंगलवार को कहा, 'दक्षिण एशिया में यह महत्वपूर्ण है कि कश्मीर मुद्दे सहित सभी विवादों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और संबंधित प्रस्तावों के तहत बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।' एर्दोगन पिछले कुछ वर्षों से संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। भारत ने उनके ऐसे बयानों पर लगातार आपत्ति जताई है।

**2019 में की थी क्या टिप्पणी :** एर्दोगन ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर पर टिप्पणी की थी। सितंबर 2019 में 74वें यूएन महासभा के सत्र में उन्होंने कहा था कि 80 लाख लोग लगभग नाकाबंदी में हैं और दुर्भाग्य से कश्मीर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पिछले 72 वर्षों में इस विवाद पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे सका। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। भारत ने तुर्किये से दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करने और भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी से बचने को कहा था। एर्दोगन ने इसके बाद भी संयुक्त राष्ट्र महासभा के अपने संबोधनों में कश्मीर का जिक्र किया। 2021 में उन्होंने कश्मीर को 74 साल से जारी समस्या बताया था और ऐसा समाधान निकालने की बात कही थी जो हमारे कश्मीरियों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करे। भारत ने तब भी उनके बयान पर आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि एर्दोगन की लगातार टिप्पणियां इतिहास और कूटनीति की समझ को नहीं दर्शाती हैं।

# अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ने बच्चों के लिए वैश्विक प्रौद्योगिकी और शिक्षा गठबंधन का दायरा बढ़ाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने बच्चों के लिए 57 देशों तक अपने वैश्विक प्रौद्योगिकी और शिक्षा गठबंधन का दायरा बढ़ाया है। उन्होंने छह बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ साझेदारी की घोषणा की है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के साथ आयोजित एक सभा के दौरान मेलानिया ट्रंप ने 'फोस्टरिंग द फ्यूचर टुगेदर' के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, पोलैंड, यूक्रेन, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, पनामा और कनाडा समेत कई देशों के नेताओं और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'हम सब मिलकर संस्कृतियों, भाषाओं, इतिहास और परंपराओं का एक सुंदर संगम हैं। फिर भी, हम एक शाश्वत सत्य के लिए एकजुट हैं। हमारी दुनिया का भविष्य इस बात से तय होगा कि आज हम अपने बच्चों के लिए क्या करते हैं। '

'फोस्टरिंग द फ्यूचर टुगेदर' का उद्देश्य बच्चों की प्रौद्योगिकी और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना है। साथ ही, उन्हें नए उपकरणों का इस्तेमाल करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल विकसित करने में मदद करना है।

अमेरिका की प्रथम महिला ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए केवल प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों को यह भी



सीखना चाहिए कि नई टेक्नोलॉजी का जिम्मेदारीपूर्वक और प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए। उन्होंने कहा, 'हम मानव इतिहास के एक असाधारण दौर में जी रहे हैं। हम एक तकनीकी क्रांति की दहलीज पर एक साथ खड़े हैं। नए निजी क्षेत्र के साझेदार एडोब, अमेजन, गूगल, इंटेल, स्टारलिंक और जूम हैं। इस कार्यक्रम में एप्पल के टिम कुक और पेपाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनरिक लोरेस भी उपस्थित थे।

उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वीडियो कॉलिंग, मोबाइल कंप्यूटर, स्वचालित वाहन, आभासी वातावरण और बायोमेट्रिक पहचान को उन प्रौद्योगिकियों के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जो विज्ञान कथाओं से निकलकर रोजमर्रा की जिंदगी में आ चुकी हैं। उन्होंने कहा, 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता पूरे व्यावसायिक क्षेत्र को बदल रही है और मानवता के लिए अब तक उपलब्ध जानकारी के सबसे बड़े भंडार तक पहुंच के दायरे को बढ़ा रही है। लेकिन सिर्फ पहुंच ही सशक्तिकरण नहीं है। हमें अपने बच्चों को टूल्स देने होंगे और उन्हें यह सिखाना होगा कि उन टूल्स का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए।' प्रथम महिला ने 2026 के शेष बचे समय के लिए 'फोस्टरिंग द फ्यूचर टुगेदर' के चार कार्यक्रमों की भी घोषणा की। वह दिसंबर में फ्लोरिडा के मियामी में गठबंधन के पहले जी20 कार्यक्रम की मेजबानी करेंगी। फिलीपींस की प्रथम महिला लिजा अरानेटा मार्कोस मनीला में आसियान सम्मेलन के दौरान एक कार्यक्रम की मेजबानी करेंगी। पोलैंड की प्रथम महिला मार्टा नवरोका एक यूरोपीय क्षेत्रीय बैठक का आयोजन करेंगी, जबकि सेंट किट्स और नेविस के डियानी प्रिंस-डू कैरेबियन सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। उन्होंने जीवनसाथियों और अन्य नेताओं से बच्चों को ज्ञान के नए क्षेत्रों का पता लगाने, सोच-समझकर जोखिम उठाने और सामाजिक प्रगति में योगदान देने में मदद करने का आह्वान किया। मेलानिया ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान 'फोस्टरिंग द फ्यूचर टुगेदर' पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य शुरू में सरकारों को एक साझा लक्ष्य के लिए एकजुट करना था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा- फ्री एलपीजी पर घमासान, 12 की जगह 6 सिलेंडर का ऐलान

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को फ्री एलपीजी सिलेंडर को लेकर ज़ोरदार हंगामा हुआ। फूड, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने योग्य परिवारों को 6 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की नीति को मंज़ूरी दे दी है। इस घोषणा पर विपक्ष ने तुरंत कड़ी आपत्ति जताकर आरोप लगाया कि उमर सरकार अपने वादे से मुकर गई है। नेता शर्मा ने याद दिलाया कि लगभग दो साल पहले सरकार ने हर घर के लिए 12 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा कि वादे की संख्या को घटाकर 6 करना लोगों के साथ मज़ाक और बड़ा धोखा है। सदन में विपक्ष ने झूठी सरकार और यह धोखा है जैसे नारे लगाए। शर्मा ने सरकार पर लोगों के सामने बेनकाब होने और अपने वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि उमर सरकार के एक लाख नौकरियों के पहले के वादे का क्या हुआ। तीखी बहस के बाद भी, विपक्ष ने कार्यवाही के दौरान लगातार नारेबाजी जारी रखी, जिससे सदन में गहमागहमी बनी रही।

## गाड़ी टकराने पर अभिषेक बनर्जी ने पुलिसकर्मी को कराया सस्पेंड, कोर्ट ने किया बहाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने निलंबित चल रहे एक पुलिसकर्मी को करीब 6 साल सस्पेंड होने के बाद बहाल कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की नाराजगी के चलते उन्हें हटाया गया था। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। अभिषेक बनर्जी विदेश में आंख का इलाज कराने गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक मामला 2023 का है। तब पुलिस ड्राइवर अपनी कार निकाल रहे थे। उस दौरान गाड़ी अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के गेट से टकरा गई थी। इसके बाद उन्हें काम से हटा दिया गया था। खबर है कि राज्य सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने पलट दिया। रिपोर्ट के मुताबिक हाई कोर्ट में जस्टिस तपोब्रता चक्रवर्ती और जस्टिस पार्थ प्रतिम रॉय की डिवीजन बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। बेंच ने पुलिस विभाग को चार सप्ताह के अंदर नए आदेश जारी करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि पुलिसकर्मी ने गलती की थी, लेकिन गलती इतनी गंभीर नहीं थी कि उसे काम से ही हटा दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे भी कोई आरोप नहीं हैं कि हादसे में कोई घायल हो गया था। बेंच ने कहा कि इस मामले में कम सजा देने की भी गुंजाइश थी। रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर का नाम धीरेंद्रनाथ महतो है और उन्होंने साल 2000 में एक ड्राइवर के तौर पर कोलकाता पुलिस में शुरुआत की थी। बाद में 2005 में उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्हें हल्की और मध्यम स्तर की जिम्मेदारियां दी जाने लगी थीं।

## प्रियंका गांधी तीखा वार : लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ देश के साथ गद्दारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच आयोग पर हमलावर है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ करना देश के साथ गद्दारी के समान है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मतदाता सूची में कथित हेरफेर और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाया जाना, जो रिपोर्ट के अनुसार 13 करोड़ से अधिक हो सकता है, लोकतंत्र, संविधान और देश के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है। प्रियंका गांधी का यह बयान एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने बीते दस महीनों में आयोग के कुछ फैसलों पर करीब 14 बार आपत्तियां दर्ज कराई थीं, जिसमें एसआईआर से संबंधित फैसले भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि जो कोई भी चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ करता है, वह देश के साथ गद्दारी कर रहा है। प्रियंका ने सवाल उठाया कि अगर किसी चुनाव आयुक्त की जानकारी में कोई गैरकानूनी काम हुआ है, तब उस कानूनी सुरक्षा क्यों मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इन कथित अनियमितताओं की जानकारी थी और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्तों ने भी इस ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन इसके बावजूद इन आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया। प्रियंका गांधी ने मांग की कि यदि किसी चुनाव आयुक्त ने गैरकानूनी काम किया है, तब उसके खिलाफ भी अन्य मामलों की तरह आपराधिक कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले जो बातें कही थीं, वे अब सही साबित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की पूरी प्रक्रिया को दूषित किया गया है और दो चुनाव आयुक्तों ने असहमति व्यक्त की थी, जबकि आयोग असहमति न होने की बात कह रहा है। कांग्रेस सांसद मसूद ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के कारण चुनाव प्रभावित होने का भी आरोप लगाया। हालांकि, इन आरोपों के जवाब में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि बहु-सदस्यीय आयोग में लिखित टिप्पणियां, सुझाव और आपत्तियां आंतरिक विचार-विमर्श का सामान्य हिस्सा हैं। आयोग का कहना है कि एसआईआर समेत सभी प्रमुख फैसले पूर्ण आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

# दीपके का अल्टीमेटम: मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा दें या राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा

### ज्ञानेश कुमार को बीजेपी में शामिल हो जाना चाहिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया है। उन्होंने गुरुवार (24 सितंबर) को दिल्ली में एक प्रेसवार्ता में कहा कि ज्ञानेश कुमार तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें, अन्यथा देशव्यापी आंदोलन शुरू होगा, इस आंदोलन को जंतर मंतर पार्ट 2 कहा गया है। दीपके ने चुनाव आयोग और एसआईआर (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाकर उन्हें देश का सबसे बड़ा गद्दार और भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बताया।

दीपके ने सवाल उठाया कि जब से ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बने हैं, केंद्र सरकार यह तय कर रही है कि कौन मतदान करेगा और कौन नहीं, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के पूरी तरह से खिलाफ है। प्रेसवार्ता में मौजूद सीजेपी के अन्य नेताओं, सौरव दास और आशुतोष रांका ने मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने, उनके पीछे के आदेश देने वालों की पहचान उजागर करने, एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोकने और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मौजूदा कानून को बदलने की मांग की।

दीपके ने अपने आरोपों के समर्थन में आंकड़े पेश किए। उन्होंने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में महाराष्ट्र में 2 करोड़ से अधिक, उत्तर प्रदेश में भी 2 करोड़ से अधिक, पश्चिम बंगाल में 90 लाख, दिल्ली में 47 लाख, केरल में 24 लाख, तमिलनाडु में 97 लाख, कर्नाटक में 1 करोड़ और तेलंगाना में 73 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए हैं। दीपके के अनुसार, देश भर में कुल 13 करोड़ से अधिक वोट हटाए गए हैं, जो कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पक्ष और विपक्ष के बीच 2 प्रतिशत के वोट अंतर को देखकर करीब 13 से 14 प्रतिशत वोटों का विलोपन है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वोटों को जानबूझकर हटाया गया ताकि सत्तारूढ़ दल की जीत सुनिश्चित हो सके और वे सत्ता से बाहर न हो पाए, खासकर 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के बहुमत हासिल न कर पाने (240 सीटें) के बाद किया गया।

दीपके ने आरोप लगाया कि 2024 के चुनाव में एक साथ आए क्षेत्रीय नेताओं को निशाना बनाया गया। उन्होंने ममता बनर्जी, एम.के.स्टालिन और अरविंद केजरीवाल जैसे विपक्षी नेताओं का उल्लेख कर दावा किया कि उनकी सीटों पर बड़ी संख्या में वोटों को हटाया गया, जिससे चुनाव परिणामों पर असर पड़ा। दीपके ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि ज्ञानेश कुमार की असाधारण परफॉरमेंस को देखकर उन्हें अब आधिकारिक तौर पर बीजेपी में शामिल हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी ऐसी सीटें जीत रही है और ऐसा वोट प्रतिशत हासिल कर रही है, जो पीक मोदी लहर के दौरान भी नहीं मिला था, जबकि देश में सरकार के प्रति लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार को तुरंत इस्तीफा देने की अपनी मांग दोहर दी।

## मुस्लिमों के मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाएंगे : जमीयत

नई दिल्ली (एजेंसी)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भारतीय मुसलमानों को कथित तौर पर निशाना बनने पर गहरी चिंता जताकर घोषणा की है कि संगठन इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा हमला कर कहा कि भारत में एक खास तबके को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और अब वक्त आ गया है कि इन मामलों को वैश्विक मंच पर उठाया जाएं।

मौलाना मदनी ने अपने में जोर दिया कि आज की तारीख में दुनिया एक वैश्विक गांव बन चुकी है और भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण दोस्त बनाए हैं। उन्होंने कहा, हम उन दोस्तों को साथ लेने वाले हैं, ताकि भारत अपने रास्ते से भटके नहीं। मदनी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन दोस्तों को शामिल करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश सही दिशा में बना रहे और पटरी से न उतरे, जिस जगह पर भारत को रहना चाहिए।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मदनी ने मुल्क में लगातार खास तबके को निशाना बनाने का आरोप लगाकर पिछली घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले मॉब लिंचिंग की घटनाएं हुईं, फिर घरों पर बुलडोजर चलाए और अब मस्जिदों तथा दरगाहों को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने संवैधानिक राहत के अवसरों को भी छीने जाने को अराजकता की ओर ले जाने वाला बताया, जिससे देश में बेचैनी और गुस्सा बढ़ रहा है।

इस गंभीर स्थिति पर विचार करने के लिए जमीयत उलेमा-ए-हिंद की आपात बैठक बुलाई गई, जहां विस्तृत चर्चा हुई। मौलाना मदनी ने कहा कि केंद्र सरकार, प्रशासन की कथित मिलीभगत और देश की न्यायिक प्रणाली की विफलता ने इस हालात को जन्म दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी खुद को असहाय महसूस करती है, तब यह देश के लिए ठीक नहीं होगा। जमीयत ने संवैधानिक तरीकों से इस स्थिति से लड़ने का संकल्प लिया है।

यह महत्वपूर्ण बैठ नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय की महमूदिया लाइब्रेरी में हुई। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने इसकी अध्यक्षता की, जिसमें दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से कार्यसमिति के सदस्यों ने भाग लिया।

## आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल के परिजनों से राहुल गांधी ने की फोन पर बात

### -परिवार का किया समर्थन और न्याय दिलाने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से बातचीत की। छात्र साहिल ने पिछले हफ्ते आईआईटी पवई परिसर में आत्महत्या कर ली थी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से फोन पर बातचीत की है। राहुल ने पीड़ित परिवार को अपना समर्थन दिया और न्याय दिलाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मामले को लेकर गुरुवार दोपहर में यूथ कांग्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगी। इसमें साहिल वाकोडे मामले को लेकर आगे की रणनीति और आंदोलन की दिशा की घोषणा किए जाने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साहिल की मौत के बाद उनके परिवार ने आईआईटी बॉम्बे प्रशासन और कुछ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच फिलहाल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है। बता दें छात्र साहिल ने परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। वह ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में द्वितीय वर्ष का छात्र था। संस्थान का कहना है कि वाकोडे ने परीक्षा के दौरान चैटजीपीटी से सवालों का जवाब पाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक परीक्षा प्रशिक्षक और विभाग के प्रमुख ने छात्र से इस मामले पर बातचीत की।

## अखिलेश भी मान रहे हैं भगवा ही जीतेगा, इसलिए पीडीए रथ भी भगवा रंग में है

### बीजेपी नेता दयाशंकर ने रायबरेली से पीडीए रथ यात्रा को लेकर साधा निशाना



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और बीजेपी नेता दयाशंकर सिंह ने रायबरेली से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए रथ यात्रा को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के पीडीए के नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि अखिलेश खुद पीडीए की परिभाषा को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। समय-समय पर वह पीडीए की अलग-अलग व्याख्या करते हैं। दयाशंकर ने कहा कि कभी पीडीए को पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक बताया जाता है, तो कभी इसमें पंडित और आधी आबादी को शामिल किया जाता है। उन्होंने इसे अखिलेश यादव का जुमला बताया और कहा कि समाजवादी पार्टी की सोच पीडीए की नहीं, बल्कि परिवारवादी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दयाशंकर ने अखिलेश की रथयात्रा के भगवा रंग में होने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भगवा रंग को लेकर प्रदेश की जनता में बढ़ते रुझान को देखते हुए अखिलेश ने अपने पीडीए रथ को भी भगवा रंग में बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी की वापसी होगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश भी मानकर चल रहे हैं कि भगवा ही जीतेगा, इसलिए उनका रथ भी भगवा रंग में है।

बता दें अखिलेश यादव आज रायबरेली में पहली बार पीडीए रथ चलाकर विधानसभा चुनाव की तैयारी को गति देंगे। अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गढ़ रायबरेली से इसकी शुरुआत कर सपा अलग संदेश देने का प्रयास भी करेगी। रायबरेली में 17 सितंबर को फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच विवाद के बाद जिले में युवा राजनीति गरमाई है। ऐसे समय में सपा रथयात्रा कर अपना अलग संदेश देने का प्रयास करेगी। अखिलेश की इस यात्रा को रायबरेली में संगठन को सक्रिय करने की दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है।

सपा प्रमुख व अन्य नेता रथ से रायबरेली में सपा विधायक राहुल लोधी के आवास पहुंचेंगे। यहां वह करीब साढ़े तीन घंटे तक रहेंगे और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। अखिलेश पहली बार रथ की झलक दिखाने के साथ ही राजनीतिक संदेश भी देंगे। रथयात्रा की शुरुआत के लिए रायबरेली को चुनने के पीछे एक वजह इस जिले की तीन सीटों पर सपा विधायकों का जातीय समीकरण भी माना जा रहा है।

## लद्दाख के लिए वांगचुक की पदयात्रा, सीजेपी के बड़े नेता नदारद

### उपराज्यपाल ने वापस लिए 20 केस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन में 26 दिनों तक अनशन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को बदले में वह व्यापक साथ नहीं मिला, जिसके लिए उन्होंने आवाज लगाई थी। सोनम वांगचुक की लद्दाख पदयात्रा में हिस्सा लेने के लिए सीजेपी का एक भी बड़ा नेता लद्दाख नहीं गया। अभिजीत दीपके, सौरभ दास या आशुतोष रांका जैसे नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समर्थन की बात तो कही थी, लेकिन खुद वहां जाने से परहेज कर गए।

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान 24 सितंबर 2025 को केंद्र शासित प्रदेश में हिंसा हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। इसकी पहली बरसी के उपलक्ष्य में जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार को लेह में एक प्रतीकात्मक पदयात्रा का नेतृत्व किया। 24 सितंबर को शहीद दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया गया है। इससे पहले सोनम वांगचुक ने 19 से 24 सितंबर तक पदयात्रा की घोषणा करते हुए कॉकरोचों (सीजेपी सदस्यों) से भी इसमें शामिल होने की अपील की थी। दिल्ली से बनाए एक वीडियो में वांगचुक ने जंतर-मंतर पर अपने अनशन की याद दिलाते हुए कहा था कि वह अब कॉकरोचों से मदद चाहते हैं।

वांगचुक की अपील पर अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका ने लद्दाख के समर्थन की बात सोशल मीडिया पर लिखी थी। हालांकि, इनमें से किसी नेता ने ना तो लद्दाख जाने की घोषणा की थी और ना ही इनकार किया था। बाद में वांगचुक ने खराब मौसम को देखते हुए चार दिन की यात्रा स्थगित कर दी और सिर्फ 23 सितंबर को एक दिन की पदयात्रा की घोषणा की। बुधवार को जब कुछ दर्जन यात्रियों के साथ वांगचुक लेह की ओर रवाना हुए तो उनके साथ लद्दाख के अलावा कुछ दूसरे प्रदेशों से आए लोग भी थे। हालांकि, सीजेपी नेता अभिजीत दीपके, सौरभ दास या आशुतोष रांका वहां नजर नहीं आए। पदयात्रा के दौरान एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए वांगचुक ने कहा कि उन्होंने एक बार अधिक से अधिक लोगों के आने की अपील की थी, लेकिन बाद में इस पर अधिक जोर नहीं दिया, जो आए उनका स्वागत किया गया है।

## महुआ बोलीं- आयुक्तों को डरने की जरुरत नहीं है हम हैं न...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग में कथित मतभेद को लेकर विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जाने का सिलसिला जारी है। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी से किसी भी तरह के दबाव के आगे नहीं झुकने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में कहा कि दोनों आयुक्तों को अपने निर्णयों में स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए। महुआ मोइत्रा ने दावा किया कि सरकार दोनों चुनाव आयुक्तों, उनके परिवार और सहयोगियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी अपील किसी राजनीतिक पद पर रहते हुए नहीं, बल्कि एक नागरिक के तौर पर है। महुआ ने अपने राजनीतिक जीवन में सदस्यता समाप्त होने और जांच एजेंसियों की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि वह दबाव के आगे नहीं झुकी थीं। उन्होंने चुनाव आयुक्तों से भी इसी तरह अपने फैसलों पर कायम रहने की अपील की।

महुआ ने कहा कि मौजूदा समय में चुनाव आयोग से जुड़े फैसलों को इतिहास के संदर्भ में भी देखा जाएगा। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए आयुक्तों से पीछे नहीं हटने का आग्रह किया। इस बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी चुनाव आयोग की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को लेकर कई सवाल उठाए हैं। आयोग ने आंतरिक टिप्पणियों को निर्णय प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा बताते हुए कहा है कि पिछले एक साल में लिए गए सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं। थरूर का कहना है कि सर्वसम्मति से अंतिम निर्णय होने की जानकारी से प्रक्रिया के दौरान उठाई गई आपत्तियों से जुड़े सवालों का पूरी तरह जवाब नहीं मिलता। उन्होंने पूछा कि क्या कथित 14 आपत्तियां वास्तव में दर्ज की गई थीं और यदि दर्ज हुई थीं तो प्रत्येक पर क्या निर्णय लिया गया। थरूर ने फॉर्म-6 में बदलाव के कानूनी आधार तथा मतदाता सूची से जुड़े आंकड़ों तक पहुंच को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने गोवा में कथित 97 मतदाताओं से जुड़े मामले और बहाल किए गए मतदाताओं के खिलाफ दायर अपीलों को लेकर भी सवाल उठाए। थरूर ने चुनाव आयोग से इन सभी मुद्दों पर बिंदुवार और दस्तावेजी जवाब देने की मांग की है।

# करीब पांच करोड़ लोग आ सकते हैं भुखमरी के संकट की चपेट में

**नई दिल्ली,, एजेंसी।** एशिया महाद्विप में करीब पांच करोड़ लोग भुखमरी के संकट की चपेट में आ सकते हैं। यह चेतावनी दी है विश्व खाद्य कार्यक्रम ने। अल नीनो के मजबूत होने की चेतावनियों के बीच खाद्य सुरक्षा, पानी की उपलब्धता और कृषि उत्पादन पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी अल नीनो के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। वैज्ञानिकों के अनुसार प्रशांत महासागर के असामान्य रूप से गर्म होते पानी और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव मिलकर स्थिति को और गंभीर बना सकता है। भारत में भी मानसून के दौरान इसके संकेत दिखाई देने की बात कही जा रही है। जून से सितंबर के बीच कई क्षेत्रों में बारिश सामान्य से कम रही है। महाराष्ट्र के कुछ जिलों में सूखे जैसे हालात बनने की आशंका जताई गई है। इसका असर खरीफ फसलों पर पड़ सकता है। चावल, दाल, कपास और मक्का जैसी फसलों का उत्पादन प्रभावित होने पर आने वाले महीनों में खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।

इसका सबसे अधिक असर कम आय वाले परिवारों पर पड़ने की आशंका है। भारत सरकार ने संभावित स्थिति से निपटने के लिए संवेदनशील जिलों में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया है। किसानों को कम पानी में तैयार होने वाली और कम अवधि की फसलों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दालों और बाजरे जैसी फसलों को भी विकल्प के तौर पर बढ़ावा देने की बात कही गई है। श्रीलंका में भी सूखे का असर गंभीर बताया जा रहा है। एक लाख साठ हजार से अधिक लोगों के पेयजल संकट से प्रभावित होने की बात सामने आई है। कई जलाशयों में पानी का स्तर घट गया है। कुछ क्षेत्रों में पशुओं और वन्यजीवों के लिए टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है।

देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने की योजना पर भी काम कर रही है, हालांकि उसकी मौजूदा क्षमता सीमित है। दक्षिण-पूर्व एशिया में चावल उत्पादन को लेकर भी चिंता है। क्षेत्रीय उत्पादन में आठ से दस प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान बताया गया है। इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे देशों में परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन पर खर्च होता है। ऐसे में उत्पादन घटने से कीमतों में वृद्धि का असर सीधे घरेलू बजट पर पड़ सकता है। पूर्वी एशिया में भी गर्मी, भारी बारिश और तूफानों का खतरा बना हुआ है। दक्षिण कोरिया में सूखे के बाद अचानक भारी बारिश देखने को मिली। जापान में कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की घटनाएं सामने आई हैं। चीन, हांगकांग और ताइवान में भी अत्यधिक गर्मी और जलवायु जोखिम से निपटने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com